तापमान

अधिकतम 40.8 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 21 जून 2026

खबर संक्षेप

### 24.84 लीटर देशी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आबकारी विभाग ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोंदेकला में रहने वाली गीजांजलि वर्मा के मकान में आबकारी टीम ने दबिश देकर वहां से 138 पाव शोले ब्रांड की देशी मसाला शराब जब्त की। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक प्रकाश देशमुख, रविशंकर पैकरा, जेबा खान,आबकारी आरक्षक रविंद्र देवांगन, प्रियंका नौरंगे, दीपक देव शामिल रहे।

### फर्जी ई-चालान भेजकर 2.63 लाख की ठगी

**रायपुर।** वाट्सप पर फर्जी ई-चालान का लिंक भेजकर एक युवक से साइबर ठगों ने 2 लाख 63 हजार रुपए की ठगी कर दी। आजाद चौक थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रार्थी प्रेम नगर मोवा निवासी आशीष वर्मा हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की आजाद चौक शाखा में कार्यरत है। उसके मोबाइल पर 6 जून को दो अलग-अलग नंबरों से वाट्सएप के माध्यम से आरटीओ ई-चालान संबंधी मैसेज और एपीके फाइल भेजी गई थी। फाइल को क्लिक करने के कुछ ही समय बाद उनके एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति के आनलाइन ट्रांजेक्शन हो गया। ठगों ने कुल 2,63,673 रुपये निकालकर आनलाइन शापिंग प्लेटफार्म फ्लिपकार्ट के जरिए दो मोबाइल फोन खरीद लिए। बाद में बैंक स्टेटमेंट और ट्रांजेक्शन डिटेल की जांच में इसकी जानकारी सामने आई।

## 5 नए मेडिकल कालेज के लिए चाहिए थे 25 सीनियर रेसीडेंस, नियुक्ति हो सकी एक की

**मनेन्द्रगढ़ में दी गई संविदा नियुक्ति, विभाग की जारी है दूसरी कोशिश**

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुविधाओं के अभाव में निरीक्षण के प्रस्ताव के एनएमसी से नकारे गए पांच शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में डाक्टरों की व्यवस्था का भी बुरा हाल है। सीनियर डाक्टरों के साथ सीनियर रेसीडेंस के 25 पदों के लिए आवेदन मंगाए गए थे जिसमें एकमात्र की नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। संबंधित



डाक्टर को मनेन्द्रगढ़ में संविदा नियुक्ति दी गई है। विभाग ने आवेदन नहीं आने के कारण अन्य पदों के साथ इनकी भर्ती के लिए अपना दूसरा प्रयास शुरू कर चुका है। डाक्टरों की कमियों को दूर करने में यही संविदा भर्ती सबसे बड़ा रोड़ा है। डाक्टर अपने भविष्य के प्रति चिंता करते हुए इस सेवा के प्रति गंभीरता नहीं दिखाते हैं। इसकी वजह से विभागीय प्रयास को बड़ी सफलता नहीं मिल पाती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग खुलने वाले पांच नए चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, जांजगीर, कबीरधाम, दंतेवाड़ा और जशपुर में फैकल्टी की व्यवस्था के लिए संविदा भर्ती की मदद ले रही है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 24 पदों के लिए एक भी आवेदन नहीं

इसके अलावा 24 पदों के लिए एक भी आवेदन स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं पहुंचा। एसआर के लिए न के बराबर आवेदन आने की वजह से इस पद पर भर्ती के लिए दूसरी प्रक्रिया जून के शुरुआत में प्रारंभ कर दी गई थी। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्दी ही साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसी तरह जेआर यानी जूनियर रेसीडेंट की 25 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए जिसमें 17 लोगों को चयन किया गया। रेसीडेंट डाक्टरों में पांचों मेडिकल कालेज में एसआर के 24 पद खाली हैं। वहीं जेआर के जांजगीर, कबीरधाम, दंतेवाड़ा में 5-5 पदों पर नियुक्ति हुई है। मनेन्द्रगढ़ और जशपुर में 4-4 डाक्टरों के पदों पर भर्ती होनी है।

### इन पदों पर भी दूसरी कोशिश

स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सा महाविद्यालयों में प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापकों की भर्ती के लिए दूसरा प्रयास कर रही है। पहले दौर में इन पदों के लिए आवेदन ही नहीं मिले थे। सीनियर डाक्टरों की भर्ती में संविदा के साथ कम वेतन भी समस्या बनी हुई है। डाक्टरों का तर्क है कि शासन ने जो वेतन तय किया है वह निजी अस्पतालों की तुलना में आधी से भी कम है। इसे लेकर पुराने कालेजों में पदस्थ डाक्टरों में असंतोष फैला हुआ है।

### कमियां दूर करने का काम जोरों पर

एनएमसी के पास पुनः निरीक्षण के लिए आवेदन करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग पूरी तैयारी से जुटा हुआ है। इसके लिए पांचों मेडिकल कालेज में गिनाई गई कमियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। स्वंय स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल नए कालेजों में जाकर चल रहे कामकाज का निरीक्षण कर रहे हैं। उनके साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी लगातार दौरा कर रहे हैं। एनएमसी ने आवेदन रिजेक्ट किया था उसके पंद्रह दिन के भीतर कमियों को दूर पुनः आवेदन का वक्त संबंधित कालेज के पास होता है।

**जनविश्वास अधिनियम लागू : नियम तोड़ने पर अब यात्रियों की खैर नहीं, छोटी-सी गलती हजारों का जुर्माना**

## अब ट्रेन में भीख मांगने वालों पर 2 हजार, महिला कोच में सफर करने पर लगेगा 2500 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे ने यात्रा के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बढ़ा दी है। अब यात्रियों को नियम तोड़ने पर पहले की तुलना में 500 से हजार रुपये तक अधिक जुर्माना चुकाना होगा। रेलवे ने अब छोटी-छोटी गलतियों पर केस दर्ज करने के बजाय सीधे भारी जुर्माना वसूलने का निर्णय लिया है। रेल अधिनियम, 1989 के प्रावधानों में संशोधन के साथ राष्ट्रपति ▶▶|शेष पेज 13 पर



### नए अधिनियम के तहत रेलवे का मुख्य फोकस

जनविश्वास अधिनियम के लागू होने के बाद रेलवे का सबसे मुख्य फोकस महिलाओं की सुरक्षा को पूरी तरह सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन परिसर को अतिक्रमण और हर तरह की अव्यवस्था से मुक्त करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्टेशन ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बिना टिकट यात्रा और भीख मांगने पर कड़ा एक्शन

रेलवे ने सभी गलतियों पर जुर्माने की राशि बढ़ा दी है। बता दें कि बिना टिकट या अनधिकृत टिकट पर यात्रा (धारा 137) को पहले आपराधिक कृत्य माना जाता था। अब यात्री से किराया वसूला जाएगा और उसके बराबर अतिरिक्त शुल्क 500 रुपये वसूला जाएगा, जो पहले 250 रुपये था। इसके अलावा दूसरे के टिकट पर यात्रा (धारा 142) करने पर टिकट जब्त होगा। टिकट के किराये के बराबर अतिरिक्त शुल्क और न्यूनतम ▶▶|शेष पेज 13 पर

### महिला कोच में प्रवेश और धूम्रपान पर तगड़ी पेनाल्टी

ट्रेन में नशे की हालत में उपद्रव या अभद्र व्यवहार करने (धारा 145) पर अब एक हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा, साथ ही टिकट जब्त कर यात्री को ट्रेन से नीचे उतारा जा सकता है। रेलवे परिसर में अनाधिकृत प्रवेश (धारा 147) पर 500 रुपये की पेनाल्टी तय की गई है। वहीं, महिला आरक्षित डिब्बे में किसी पुरुष के प्रवेश (धारा 162) पर 2500 रुपये ▶▶|शेष पेज 13 पर

## कार लौटाने गए बीबीए के छात्र का अपहरण

*युवक का अपहरण कर अपने साथ भिलाई ले गया, भाई को कॉल कर पैसा मांगने दबाव बनाने का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कार लौटाने गए बीबीए के एक छात्र का अपरहरण करने की घटना सामने आई है। आरोप है कि युवक को कार में बंधक बनाकर भिलाई ले जाया गया। अपहरण कर भिलाई ले जाने के बाद छात्र को उसके भाई से पैसे मांगने के लिए दबाव बनाया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की है। महावीर नगर निवासी आईटीएम यूनिवर्सिटी में बीबीए तृतीय वर्ष का छात्र तुषार बसंतवानी (20) की शिकायत पर पुलिस ने रूबल छाबड़ा तथा उसके साथी अनमोल के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। छात्र ने बताया है कि 18 जून की रात वह अपने घर के पास था। इसी दौरान मोहल्ले के लक्की पाहुजा ने उसे बताया कि ▶▶|शेष पेज 13 पर

- दो के खिलाफ राजेंद्र नगर थाने में अपरहण का अपराध दर्ज

### मौके पर पेट्रोलिंग टीम ने पहुंचकर बचाया

भिलाई ले जाने के बाद रूबल ने छात्र के भाई ऋषभ खत्री को कॉल कर पैसों की मांग की। इसके बाद उसे भिलाई में अनमोल नामक युवक के पास ले गया। वहां छात्र को पैसे नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। कुछ समय बाद रूबल, तुषार को दोबारा कार में बैठाकर मुख्य सड़क की ओर ले गया। इसी दौरान दोनों के बीच हाथापाई और झूमाझटकी होने लगी। इस हंगामे के बीच कुम्हारी थाना की पेट्रोलिंग मौके पर पहुंची। पुलिस ▶▶|शेष पेज 13 पर

## नीट की स्थगित परीक्षा आज, संगीनों के साए में पहुंचेगा प्रश्नपत्र, व्यवस्थाओं का हुआ मॉकड्रिल

*जिले में 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए, दोपहर डेढ़ बजे के बाद नो एंट्री*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट की स्थगित परीक्षा का आयोजन रविवार को किया जाएगा। पिछली बार हुई दिक्कतों के बाद प्रश्नपत्र को पुलिस संगीनों के साए में केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए 25 केंद्र बनाए गए हैं, जहां परीक्षार्थियों को दोपहर डेढ़ बजे तक हर हाल में एंट्री करनी होगी। परीक्षा केंद्रों में इलेक्ट्रानिक गैजेट्स प्रतिबंधित होगा और परीक्षार्थियों को ड्रेस कोड का पालन करना होगा। परीक्षा केंद्रों में हुई तैयारियों को परखने के लिए शनिवार को मॉकड्रिल भी हुआ। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 का आयोजन रविवार को किया जाएगा। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियों के साथ कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया। परीक्षा का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम सवा 5 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए ▶▶|शेष पेज 13 पर


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों से 12वीं के उपरांतों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) मॉस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपर्पस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी असिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसिंग | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| नवापारा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोण्डागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनुसूचित जाति 40%, अनुसूचित जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक

**दिव्यांगों सैनिक/स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।**

**नोट :-**

1. आवेदन निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरें। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा प्राप्त तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं वे अपने परिणाम की ऑनलाइन प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं।
3. स्थानीय उम्मीदवारों को सीटें मैरिट द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसलिंग के लिए पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
6. प्रवेश केवल निर्धारित प्रक्रिया (काउंसलिंग) द्वारा होगा। किसी भी प्रकार का सीधा प्रवेश अवैध/अमान्य है।

**डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10/07/2026 तक    कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 31/07/2026 तक**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, महिन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास संजीवनी हॉस्पिटल गोबरा नवापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन- 493881

महोदय,

(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं?

1. आवेदक का नाम.................................2. पिता/पति.................................
3. जन्म तिथि अंकों में......................4 वर्ग :- अनुसू. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता- ग्राम.......................पोस्ट.......................तहसील.......................
.......................जिला.......................पिन कोड [ ]
मो. नं. 1.......................मो. नं. 2.......................वाट्सअप नं.......................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं.......................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881**

NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक- 36989


### नुकीली चीज से मारकर किया घायल

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में करण होटल ढीमरपारा के पास 18 जून को अपरान्ह साढ़े तीन बजे प्रार्थी निशीकांत दास खड़ा था। इसी दौरान आरोपी आनंद ढीवर एवं उसके साथी ने उसे जाने के लिए कहा। वह जब नहीं गया, तो इस बात पर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट करते हुए किसी नुकीली चीज से उस पर हमला कर दिया। इससे उसे जख्म आया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 118-1, 3-5 के तहत केस दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर से घायल महिला की मौत मामले में केस दर्ज



**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने बाइक की टक्कर से घायल महिला की मौत मामले में आरोपी चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना 28 अप्रैल को गोकुलनगर शराब दुकान के पास घटी थी। इस दौरान मृतका नंदनी देवांगन 22 वर्ष निवासी मधुबन कालोनी अमलीडीह अपने पति के साथ बाइक में सवार होकर जा रही थी। इसी दौरान बुलेट बाइक क्रमांक सीजी 05-एई/8378 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे नंदनी नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मेकाहारा में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच कर मामले में आरोपी के विरुद्ध बीएनएसः 106-1 के तहत अपराध दर्ज किया है।




## खबर संक्षेप

### 4-5 जुलाई को आईआईएम में मंत्रियों की ट्रेनिंग



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, सुशासन एवं अभिसरण विभाग चिंतन शिविर का आयोजन करता है। मंत्री होने के नाते चिंतन शिविर का लाभ मिलता है। पिछले दो बार हुए चिंतन शिविर से बहुत लाभ हुआ है। 4 और 5 जुलाई को चिंतन शिविर आईएमएम में प्रस्तावित है। विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ प्रशिक्षण में मार्गदर्शन देंगे। सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान पर उन्होंने कहा, जानकारी के अभाव में बहुत लोग योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। सुघ्घर छग अभियान से सरकार की योजनाएं 100 प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचेगी। 31 अलग-अलग योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जाएगा। इस बड़े अभियान का निर्णय सीएम साय ने लिया है।

### योग दिवस पर महापौर, संस्कृति विभाग अध्यक्ष ने दी बधाई

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे,संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी वासियों को बधाई दी है। महापौर ने लोगों से राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में शहर को देश का प्रथम स्वच्छ रैंकिंग शहर बनाने अधिक संख्या में स्वच्छता फीड बैक देने की अपील की है। इसके साथ ही गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर सफाई मित्रों को देने का आग्रह किया है।

### भाजपा पदाधिकारी करेंगे योग

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को प्रातः 7 बजे एवं भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में सुबह 7:30 बजे योग किया जाएगा। योग कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित भाजपा प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता योगाभ्यास शिविर में शामिल होंगे।

# भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी से ओवर एज को बाहर करने पर फैसला नया प्रदेश प्रभारी आने के बाद होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में आधा दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी ओवर एज बनाए गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने किसी भी हाल में अंडर 35 को ही पदाधिकारी बनाने का फरमान जारी किया है, इसके बाद भी ओवर एज को पदाधिकारी बना दिया गया है। ओवर एज पदाधिकारियों के बारे में बताया जा रहा है कि ये उम्र का गलत दस्तावेज देकर पदाधिकारी बन गए हैं। भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिया इस मामले में कह चुके हैं कि शिकायत मिलने पर जांच में कुछ पदाधिकारी ओवर एज पाए गए हैं।

■ आधा दर्जन से ज्यादा को बनाया गया है प्रदेश पदाधिकारी

जो भी ओवरएज पदाधिकारी हैं, उनको बाहर करने के लिए प्रदेश संगठन के सामने प्रस्ताव रखा जाएगा, वहां से जैसे दिशा निर्देश मिलेंगे, उसके हिसाब से फैसला होगा। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। ऐसे में जानकारों का कहना है कि नए प्रदेश प्रभारी के आने के बाद ही इस मामले में कोई भी फैसला होगा। भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से मिले निर्देश के बाद भाजपा के प्रदेश संगठन ने स्पष्ट रूप से यह निर्देश जारी किया था कि भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में 35 साल से ज्यादा और जिलाध्यक्ष 33 साल से ज्यादा के नहीं होने चाहिए। इस निर्देश के बाद भी प्रदेश कार्यकारिणी में करीब आठ पदाधिकारियों के ओवर एज होने की बात सामने आई है ।





### पद पाने दिए गलत दस्तावेज

*भाजयुमो के प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के लिए भाजयुमो के पास जो भी नाम भेजे गए थे सभी नाम जिलों से आए थे। भाजपा संगठन के जिलाध्यक्षों को ही यह जिम्मेदारी दी गई थी कि वे जिन भी पदाधिकारियों के नाम भाजयुमो को भेजें उनके उम्र के दस्तावेज जांच कर ही नाम भेजें। जानकारों का कहना है कि जिनके भी नाम भाजयुमो को भेजे गए थे, उनके दस्तावेज जिलों में जांच गए थे, लेकिन कुछ लोगों ने पद पाने के लिए उम्र के गलत दस्तावेज दिए। इसकी शिकायत होने पर इस बात का खुलासा हुआ। इसके बाद इसकी जांच में कुछ पदाधिकारी ओवर एज पाए गए। इनको बाहर करने की बात लंबे समय से की जा रही है। पहले इस बात का हवाला दिया गया कि प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय बंगाल चुनाव में व्यस्त हैं। बंगाल चुनाव भी समाप्त हुए लंबा समय हो गया है, लेकिन अब तक ओवर एज को लेकर कोई फैसला नहीं किया गया है। अब यह बात सामने आ रही है प्रदेश संगठन में नया प्रदेश प्रभारी बनने के बाद उनसे चर्चा करने के बाद ही इस मामले में कोई फैसला होगा।*

## राहुल के दौरे से पहले गरमाई सियासत

# पुरंदर ने राहुल को कहा 'जोकर', कांग्रेस ने पूछा-कौन सा नशा करते हैं विधायक मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले प्रदेश की सियासत गरमा गई है। राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने विवादित बयान देते हुए कहा, दिल्ली से जोकर आ रहा है और दस दिनों तक छत्तीसगढ़ में सर्कस चलेगा। भाजपा विधायक ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए भ्रष्टाचार समेत कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा, राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आ रहे हैं, जहां भगवान राम के वनवास से जुड़ी मान्यताएं हैं। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा, पार्टी में लेन-देन का चलन रहा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, क्या राहुल गांधी कांग्रेस पदाधिकारियों को ऐसी कोई कला सिखाएंगे, जिससे छत्तीसगढ़ का विकास हो सके।





### यह बयान विधायक की मानसिकता को दर्शाता है

भाजपा विधायक के बयान पर कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने पलटवार किया है।



उन्होंने कहा, पुरंदर मिश्रा इस तरह के बयान देकर अपना राजनीतिक कद बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विधायक का बयान उनकी मानसिकता को दर्शाता है और भाजपा को ऐसे बयानों पर ध्यान देना चाहिए। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद नेताओं को भाषा की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए।

### स्तरहीन भाषा भाजपा नेताओं की हताशा : शैलेश

कांग्रेस के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय ने भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है।



उन्होंने कहा, लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस तरह की अमर्यादित और स्तरहीन भाषा भाजपा नेताओं की हताशा और मानसिक दिवालियापन को दर्शाती है। उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, पुरंदर मिश्रा बताएं कि आखिर वह कौन सा घटिया नशा करते हैं, जिसके प्रभाव में इस तरह की अशोभनीय और गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी कर रहे हैं। देश के करोड़ों लोगों की आवाज़ बन चुके राहुल गांधी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करना भाजपा की संस्कारहीन राजनीति का परिचायक है।

### भाजपा बोली- आलीशान रिसोर्ट के बंद कमरों में जिला अध्यक्षों को सक्षम बनाने का ढोंग रच रही कांग्रेस

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कहा, कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर मिशन 2028' के नाम पर 'प्रशिक्षण-पाखण्ड' के अलावा कुछ नहीं है। जो पार्टी अपने संगठन को वेंटिलेटर से बाहर निकालने के लिए तरस रही है, वह अब अभनपुर के आलीशान अग्रवाल रिसोर्ट में बंद कमरों के भीतर जिला अध्यक्षों को सक्षम बनाने का ढोंग रच रही है। श्री पाण्डेय ने कहा, जनता के बीच से पूरी तरह साफ हो चुकी कांग्रेस का यह आलीशान शिविर उसकी दयनीय



और विवश संगठनात्मक दशा का जीता-जागता प्रमाण है। श्री पाण्डेय ने कहा, जो पार्टी खुद को जमीनी राजनीति सिखाने का दावा कर रही है, उसके नेता और कार्यकर्ता धूप और धूल से डरकर वातानुकूलित रिसोर्ट के भीतर आवासीय कड़ाके की धूप में सियासत के गुर सीख रहे हैं। जनता के सुख-दुःख से दूर, आलीशान सुख-सुविधाओं के बीच बैठकर संगठन को मजबूत करने का यह फॉर्मूला केवल कांग्रेस के ही दिमाग की उपज हो सकता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित दौरे पर श्री पाण्डेय ने कहा, गांधी केवल एक दिन के लिए, वह भी मात्र कुछ घण्टों के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। जिस पार्टी का शीर्ष नेता संगठन को मजबूत करने के लिए पूरे 4 घंटे का समय भी बमुश्किल दे पा रहा हो उस पार्टी के कार्यकर्ताओं का भगवान ही मालिक है। 2023 के विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद, ढाई साल पहले ही मिशन 2028 का राग अलापना यह दर्शाता है कि कांग्रेस के भीतर भारी हताशा और नेतृत्व का संकट है।

# कांग्रेस का महंगी बिजली और बिलों की गड़बड़ी को लेकर पोस्टर वार

### विकास उपाध्याय बोले- सभी बिजली दफ्तरों और शहरों में लगाए जाएंगे पोस्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस ने प्रदेश में बिजली बिलों की गड़बड़ी के आरोप के साथ ही अब पोस्टर वार प्रारंभ किया है। पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें लिखा गया ''ये बिजली परान ले लेही बीजेपी ने दिया 440 का झटका', ''बीजेपी, बिजली और बिल साय सरकार में सब बेड फील'', ''चैन से सोना है, तो जाग जाओ बिजली नहीं लालटेन जलाओ''। इन पोस्टरों को अब सभी बिजली दफ्तरों के बाहर लगाया जाएगा, साथ ही प्रदेश के सभी शहरों में भी चिपकाया जाएगा।

विकास उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ में लगाए गए स्मार्ट मीटरों के कारण काफी ज्यादा समस्या आ रही है। जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर हटाया जाए। स्मार्ट मीटरों को हटाने को लेकर भी कांग्रेस अगले माह से अभियान चलाएगी और कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर हटाने के लिए समर्थन पत्र भरवाएंगे। श्री उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ता पहले से ही बिजली की महंगी दर, स्मार्ट मीटर के कारण अनाप शनाप बिजली बिल, लो वोल्टेज, अघोषित बिजली कटौती से हलाकान है। पहले बिजली बिल हॉफ योजना के तहत 400 यूनिट तक मिलने वाली छूट को खत्म किया गया और अब इस महंगाई में उपभोक्ता दोगुना बिल का भुगतान कहां से करेंगे।

श्री उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य सरप्लस बिजली का राज्य था उस राज्य में आज जनता को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है जबकि पिछली कांग्रेस की सरकार में बिजली बिल हॉफ योजना के माध्यम से कांग्रेस शासन के पांच वर्षों में प्रत्येक घरों में हजारों रुपए की बचत हुई है। बिजली की समस्या का निवारण अगर जल्द सरकार नहीं करती है तो आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सड़क पर आएगी।



## खबर संक्षेप

### मोहदा स्कूल के योग शिविर में ग्रामीणों ने सीखा सेहत का मंत्र



**तरपोंगी।** स्थानीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तत्वावधान में ग्राम मोहदा स्थित मिडिल स्कूल में पांच दिवसीय योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया है। 17 जून से शुरू हुआ यह शिविर 21 जून तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग का लाभ उठाया। शिविर के दौरान मुख्य योग शिक्षिका पूर्णिमा साहू ने उपस्थित लोगों को विभिन्न बीमारियों से बचाव और उनके उपचार के लिए विशेष योगाभ्यास कराया। उन्होंने विशेष रूप से कमर दर्द, लकवा (पैरालिसिस), हाई बीपी (उच्च रक्तचाप), शुगर (मधुमेह), थायराइड और मोटापे जैसी गंभीर व आम समस्याओं के लिए रोगानुसार योग क्रियाएं सिखाईं। इसके साथ ही, स्वस्थ व्यक्तियों को निरोगी बनाए रखने के लिए विशेष रूप से प्राणायाम और योगासनों का गहन अभ्यास भी कराया गया।

### राहुल आज आएंगे, नेताओं ने किया मौका मुआयना



**अभनपुर।** अभनपुर अग्रवाल अलका भवन मे आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम की तैयारियो को लेकर छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव आदि दिग्गज नेता दिनभर कार्यक्रम स्थल में मौजूद रहे। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम मे 21 जून को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आने को लेकर अभनपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह का माहौल है प्रदेश सचिव प्रवीण साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं तथा जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाने की प्रतिस्पर्धा हो रही है हालंकि इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के स्वागत के लिए स्थानीय नेताओं को मौका मिलेगा की नहीं यह अभी तक स्पष्ट नहीं है फिर भी लोग अपने अपने स्तर पर जगह जगह स्वागत की तैयारी भी की जा रही है।

न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्रमांक 202606100900021 अ / 6 अ वर्ष-2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.न. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गीता वर्मा पति देवेन्द्र वर्मा निवासी दुर्गा मंदिर के पीछे हनुमान नगर लाखेनगर रायपुर तहसील व जिला रायुपर छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन स्थित भूमि का खसरा नंबर 340/1 का टु. प्रमाणीकरण पश्चात नया खसरा नंबर 340/16 रकबा 1250 वर्गफीट को दिनांक 22.11.2019 के क्रय आधार पर नामांतरण पंजी क्रमांक 19 दिनांक 26.12.2019 को आवेदक के नाम पर नामांतरण दर्ज पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त किन्तु आनलाईन कम्प्यूटर में नाम दर्ज नही होने से आवेदिका के नाम दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदिका श्रीमती गीता वर्मा पति देवेन्द्र वर्मा निवासी दुर्गा मंदिर के पीछे हनुमान नगर लाखेनगर रायपुर तहसील व जिला रायुपर छ.ग. द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार अभिलेख दुरूस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23.06.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.06.2026 को जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
पाटन

# तरपोंगी संकुल प्रवेशोत्सव में बांटीं पाठ्य पुस्तकें और मेधावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरपोंगी।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी में संकुल स्तरीय 'शाला प्रवेश उत्सव' संकुल प्रभारी प्राचार्य श्री शिवरतन लाल धिरही एवं संकुल समन्वयक कौशल प्रसाद वर्मा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं में नए प्रवेश लेने वाले (नवप्रवेशी) बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके साथ ही उपस्थित अतिथियों के करकमलों से बच्चों को नए शिक्षण सत्र की पाठ्य पुस्तकें भी प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के दौरान संकुल प्रभारी प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मान स्वरूप कलम (पेन) भेंट की गई। प्राचार्य प्राचार्य ने उपस्थित बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, शिक्षा की निरंतरता को जीवन में सदैव बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, मिलेंद्र भरत किंकर अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति, देवकी नायक सरपंच, डॉ. संतोष यादव उप सरपंच, डॉ. पोषण वर्मा, पंचराम वर्मा, जानकी वर्मा, अनिरुद्ध पांडेय पूर्व प्रभारी प्राचार्य, अरुण गहरवार (व्याख्याता) कार्यक्रम में तरपोंगी संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुंह मीठा कराके बच्चों का किया स्वागत



### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

विगत शिक्षण सत्र 2025-26 की केंद्रीकृत परीक्षा (कक्षा पांचवीं व आठवीं) तथा हाई एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में संकुल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 'प्रतिभा सम्मान' से नवाजा गया। सभी होनहार छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रमुख विद्यार्थी कक्षा पांचवीं तरपोंगी कु रागिनी वर्मा (प्रथम स्थान), गजेंद्र निषाद (द्वितीय स्थान)। कक्षा आठवीं (शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहदा) कु उषा वर्मा (प्रथम स्थान), कु सुमन धीवर (द्वितीय स्थान)। कक्षा दसवीं कु कल्पना यादव (प्रथम स्थान), कु मानसी सिन्हा (द्वितीय स्थान)। कक्षा बारहवीं (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी) कु काजल पटेल (प्रथम स्थान), कुमारी खुशी वर्मा (द्वितीय स्थान)। कार्यक्रम में विशेष रूप से जानकारी दी गई कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी की छात्रा कुमारी कल्पना यादव ने कक्षा दसवीं की सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में पूरे राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपने स्कूल, शिक्षकों और माता-पिता का नाम रोशन करने की बात कही।

## आरोपियों से कार, बाइक और जेवरात समेत करीब 2,20,000 रुपये का मशरूका बरामद

# उरला फैक्टरी का सिक्योरिटी गार्ड निकला महासमुंद का हिस्ट्रीशीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा

कहते हैं कि चिराग तले सबसे ज्यादा अंधेरा होता है, लेकिन रायपुर के औद्योगिक इलाके में जो हुआ, उसने इस कहावत को एक खौफनाक हकीकत में बदल दिया। जिस शख्स के कंधों पर फैक्टरी की हिफाजत का जिम्मा था, जो सिक्योरिटी की वर्दी पहनकर गेट पर मुस्तैद खड़ा रहता था, असल में वही रात के अंधेरे में ताले चटकाने वाला महासमुंद का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर निकला। उरला के एक उद्योग की सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने वाला यह शातिर नकबजैन अविनाश गोस्वामी, दिन में कानून का रखवाला बनने का ढोंग करता था और सूरज ढलते ही वारदातों को अंजाम देने निकल पड़ता था।

**रायपुर पुलिस ने शातिर चोर गिरोह का किया भंडाफोड़ :**कानून की आंखों में धूल झोंकने का यह पूरा खेल तब बेनकाब हुआ, जब रायपुर पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और स्थानीय थानों ने मिलकर एक तगड़ा जाल बुना।

विधानसभा, तिल्दा-नेवरा, धरसींवा और खरोरा इलाकों में एक के बाद एक हुई आधा दर्जन से ज्यादा चोरियों ने पुलिस की नींद उड़ा रखी थी। चोर इतने शातिर थे कि एक किराना दुकान में डाका डालने के बाद पहचान छुपाने के लिए वहां लगा सीसीटीवी का डीवीआर तक उखाड़ ले गए थे। लेकिन पुलिस की खोजी नजरों ने जब कड़ियां जोड़नी शुरू कीं, तो सारे सुराग उरला के एक निजी उद्योग की तरफ मुड़ गए।

पुलिस की संयुक्त टीम ने बेहद खामोशी और पूरी तैयारी के साथ फैक्टरी की घेराबंदी की। जब पुलिस ने उस तथाकथित 'सिक्योरिटी गार्ड' को दबोचा, तो फैक्टरी प्रबंधन के पैरों तले जमीन खिसक गई, क्योंकि जिस बंदे को उन्होंने अपनी सुरक्षा सौंपी थी, वह पुलिस रिकॉर्ड का एक बड़ा अपराधी निकला।




■ शातिर नकबजैन अविनाश दिन में गार्ड की नौकरी और रात में आपराधिक गतिविधियों में शामिल

### बाइक, कार समेत लाखों का सामन जब्त

फिलहाल, खाकी के इस कड़े एक्शन ने पूरे नेक्सस को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस ने मुख्य सरगना अविनाश गोस्वामी के साथ-साथ चोरी का माल ठिकाने लगाने वाले सुनार लक्ष्मी नरसिम्हा जबादी और गिरोह में शामिल नाबालिगों को भी सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपियों से कार, बाइक और जेवरात समेत करीब 2,20,000 रुपये का मशरूका बरामद किया गया है। पुलिस ने अपराधियों को तो जेल भेज दिया।

### चार थानों में छह गंभीर मुकदमे दर्ज

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज हैं। इनमें थाना विधानसभा, तिल्दा नेवरा और खरोरा और धरसींवा थाने में धारा 331(4) और 305(ए) के तहत मामले कायम हैं।

## पंजीयन शिविर के समापन पर प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र और किट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कूंरा

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के विकास और आम जनता को सीधे शासकीय योजनाओं से जोड़ने के संकल्प के साथ धरसींवा में केन्द्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का समापन हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर शिविर के अंतिम दिन का विधिवत शुभारंभ किया। इस तीन दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों, श्रमिकों और विभिन्न लाभार्थियों का मौके पर ही शासकीय योजनाओं के लिए सुलभ पंजीकरण करना है, ताकि उन्हें दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

शिविर में राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए विशेष काउंटर लगाए गए थे, जहां भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने अपना पंजीयन कराया। इस दौरान विधायक अनुज शर्मा ने विभिन्न विभागों के पात्र लाभार्थियों को मंच से प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र और किट का वितरण भी किया। शिविर के पहले ही दिन मुख्य रूप से राजस्व विभाग, श्रम विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े सैकड़ों आवेदनों का मौके पर ही निपटारा किया गया। हितग्राहियों को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा, आज का यह दिन हमारे धरसींवा क्षेत्र के विकास और यहाँ के नागरिकों के कल्याण की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। यह तीन दिवसीय पंजीयन शिविर केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह शासन की योजनाओं को सीधे आपके घर तक पहुँचाने का हमारा संकल्प है। उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार का और मेरा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि जनता को अपनी छोटी-मोटी जरूरतों और अधिकारों के लिए भटकना न पड़े। इसी सोच के साथ इस शिविर की शुरुआत की गई है, जहाँ एक ही छत के नीचे आपकी समस्याओं का समाधान भी होगा और विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के लिए आपका पंजीयन भी किया जाएगा।

समापन समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला ढीलेंद्र सेन, राकेश यादव,प्रमोद निशाद, हनुमंत आदिल , जनपद पंचायत सीईओ आशीष केशरवानी, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## बाल संदर्भ योजना शिविर में कुपोषित बच्चों की सेहत जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा-नेवरा में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से आए कुपोषित एवं संकटग्रस्त बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं।

■ विशेषज्ञों ने दिए पोषण संबंधी सुझाव

शिविर के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बच्चों के अभिभावकों को संतुलित पोषण, उचित आहार एवं बच्चों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों के समग्र विकास और बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा स्वास्थ्य मितानिनों के सहयोग से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

विशेषज्ञों ने कहा कि जागरूकता और नियमित निगरानी के कारण क्षेत्र में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार देखने को मिला है। साथ ही माताओं को भी बच्चों की आयु और आवश्यकता के अनुसार पौष्टिक आहार देने की जानकारी प्राप्त हो रही है।



तिल्दा-नेवरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना शिविर

खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. आशीष सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना का उद्देश्य कुपोषित बच्चों को कुपोषण के दुष्चक्र से बाहर निकालकर कुपोषण की दर में कमी लाना है। योजना के तहत कुपोषित एवं संकटग्रस्त बच्चों को चिकित्सीय परीक्षण, विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह तथा आवश्यक उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य और कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए ऐसे शिविर आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

### कबीर प्रकटोत्सव पर निकली शोभायात्रा व बांटी महाप्रसादी

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूंट में कबीर सत्संग समिति, आमीन माता महिला मंडल एवं अनुराग नवयुवक मित्र मंडल के तत्वाधान में कबीर प्रकट उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम कबीर साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात भजन-कीर्तन के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे गांव का भ्रमण किया। शोभायात्रा के बाद भिलौरी से पधारे महंत रामनाथ साहेब सत्संग मंडली द्वारा बहुत ही सारगर्भित प्रवचन दिए गए। उन्होंने कबीर साहब के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि 'जीव दया और आत्म पूजा' ही मानव जीवन का सच्चा धर्म है। **कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति :** इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य रूप से पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी एवं जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा शामिल हुए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती यशोदा गुनूराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य रतनचंद निषाद, बालाराम साहू, अमरसिंह साहू, मनोहर साहू, धूपाल साहू, संतोष साहू, घनश्याम साहू, ललित साहू, तीरीथ साहू, शिवकुमार साहू, गुनूराम साहू, नरेश साहू, नारायण साहू, माधव साहू, नोहर साहू, सत्यनारायण साहू, गोपाल साहू, ईश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, रवि साहू, गिरधारी साहू, रामेश्वर साहू, धनसिंग साहू, डामन साहू, हरिश्चंद्र सेन, अंजू साहू, सरिता साहू, लोकेश्वरी साहू, कल्याणी साहू, सुरुचि साहू, कांति साहू, ऊषा साहू, पार्वती साहू, रोशनी साहू, मानकुंवर साहू, मंजू साहू, गोदावरी साहू, नंदकुमारी साहू, हीरा साहू, हेमीन साहू, केकती साहू, उतरा साहू, उमा साहू, हिरौंदी साहू, राधिका साहू एवं रेखा सेन शामिल रहे।



# गिरौद स्कूल में स्टाफ की कमी पर बिफरे ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

**सिलयारी।** धरसीवां विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल गिरौद में शिक्षक-स्टाफ की भारी कमी और वेतन आहरण के विरोध में शुक्रवार को सरपंच मधु जयकिरण वर्मा के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.जी. सतीश कुमार तथा रायपुर कलेक्टर डां गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा है। धरसीवां विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल गिरौद की हालत बद से बदतर होती जा रही है। स्कूल में न प्राचार्य हैं न संस्कृत शिक्षक, न बाबू, न चपरासी और न ही चौकीदार। लासा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक तरफ स्कूल स्टाफ विहीन है, दूसरी तरफ कागजों में वेतन जारी हो रहा है।

■ 30 जून तक भर्ती नहीं हुई तो रिंग रोड पर चक्का जाम की दी चेतावनी

**10 साल से अटका उन्नयन :-** इतना ही नहीं, गिरौद हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन के लिए 2015 में ही अतिरिक्त कमरे बनकर तैयार हो चुके हैं। 10 साल बीत जाने के बाद भी आज तक स्कूल का उन्नयन नहीं किया गया, जिससे 10वीं के बाद बच्चों को पढ़ाई के लिए 8-10 किमी दूर जाना पड़ता है । ग्राम पंचायत गिरौद सरपंच मधु जयकिरण वर्मा ने बताया कि इन मुद्दों को लेकर 20 जून को जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में 30 जून तक सभी रिक्त पदों पर भर्ती एवं हायर सेकेंडरी में उन्नयन की मांग की गई है। यदि शासन-प्रशासन द्वारा 30 जून तक मांगें पूरी नहीं की गईं, तो मजबूरन 1 जुलाई को पालकों एवं ग्रामवासियों के साथ रिंग रोड नंबर 3 में धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया जाएगा। सरपंच श्रीमती वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल में प्राचार्य नहीं है फिर भी हर माह वेतन निकल रहा है, ये जांच का विषय है। 10 साल से कमरे तैयार हैं पर उन्नयन नहीं हुआ। ज्ञापन सौंपने के दौरान पंच श्रीमती धन्नू वर्मा,श्रीमती भोजकुमारी धीवर एसएमडीसी अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ ने प्रदर्शन की तैयारी पर की चर्चा

**कंरा।** नगरीय निकाय विभाग के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी न्यायसंगत मांगों को लेकर 'नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ, छत्तीसगढ़' ने अपनी आवाज बुलंद कर दी है। आगामी 13 जुलाई 2026 को तुता, नया रायपुर में आयोजित होने वाले एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन और हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रांतीय नेतृत्व ने व्यापक दौरा कार्यक्रम शुरू किया है। इसी कड़ी में संघ के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा जिला रायपुर सहित राजनांदगांव तथा नवगठित जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के विभिन्न नगरीय निकायों में धुआंधार 'कर्मचारी संपर्क अभियान' चलाया गया।

## पेज 11 के शेष...

### 5 नए मेडिकल ...

भर्ती के कुछ पदों को छोड़कर अन्य के लिए दूसरी साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी की जा रही है। पहले दौर में मई के महीने में सीनियर रेसीडेंट डाक्टर के 25 पद यानी सभी कालेजों के लिए 5-5 एसआर की भर्ती के लिए आवेदन मंगाया गया था। काफी कोशिशों के बाद यह प्रक्रिया पूरी हुई और जारी किए गए नियुक्ति आदेश में एकमात्र एसआर मनेन्द्रगढ़ कालेज को मिली है।

### अब ट्रेन में ...

द्वारा स्वीकृत जनविश्वास अधिनियम 2026 को शनिवार, 20 जून से लागू कर दिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। रेलवे बोर्ड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर (पैसेंजर मार्केटिंग) शिवेंद्र शुक्ला ने सभी प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों को पत्र भेजकर नए नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मौके पर जुर्माना न देने की स्थिति में मामला कोर्ट जाएगा, जहां भारी जुर्माने के साथ कारावास की सजा का भी सख्त प्रावधान किया गया है।

### बिना टिकट यात्रा ...

500 रुपये जुर्माना देना होगा। बिना लाइसेंस सामान बेचना, फेरी लगाना या भीख मांगना (धारा 144) पर दो हजार रुपये जुर्माना लगेगा। भुगतान न करने पर अदालत में पेशी और 5,000 रुपये तक जुर्माना या 3 माह तक की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर एक वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

### महिला कोच में ...

का भारी जुर्माना देना होगा और उसे तुरंत वहां से हटाकर कार्रवाई की जाएगी। ट्रेन में खतरनाक या प्रतिबंधित सामान ले जाने (धारा 165) पर सीधा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और रेलवे को कोई नुकसान होने पर उसकी भरपाई भी यात्री को करनी होगी। इसके अलावा, ट्रेन या रेलवे परिसर में धूम्रपान करने (धारा 167) पर पहले लगने वाले 100 रुपये के जुर्माने को बढ़ाकर अब दो हजार रुपये कर दिया गया है।

### कार लौटाने गए ...

वह रूबल छाबड़ा की वार्ना कार किराए पर चला रहा था, लेकिन किराया नहीं दे पाने के कारण वाहन वापस करना चाहता है। इस पर तुषार कार लेकर रूबल छाबड़ा को सौंपने के लिए गया। रूबल ने उसे न्यू राजेंद्र नगर स्थित पुजारी पेट्रोल पंप के पास बुलाया। कार मिलने के बाद रूबल ने कहा कि वह पेट्रोल भरवाकर तुषार को घर छोड़ देगा। तुषार कार में बैठ गया, लेकिन पेट्रोल भराने के बाद रूबल उसे घर छोड़ने के बजाय सीधे हाईवे की ओर ले गया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर रूबल ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया, बाल पकड़कर मारपीट की और उसे चुप रहने की धमकी दी। इसके बाद उसे भिलाई ले जाकर कहा गया कि वह अपने भाई से पैसे मंगवाए, अन्यथा उसे विशाखापट्टनम भेज दिया जाएगा।

### मौके पर पेट्रोलिंग...

ने दोनों को हिरासत में लेकर थाना पहुंचाया। तुषार ने शिकायत में यह भी बताया कि हाथापाई के दौरान उसके गले में पहनी सोने की चेन कहीं गिर गई।

### नीट की स्थगित...

परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक हर हाल में केंद्र के भीतर प्रवेश करना होगा। सभी केंद्रों में सुरक्षा के मद्देनजर बायोमेट्रिक सत्यापन, पहचान जांच और सुरक्षा जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर डा. गौरव सिंह से अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शनिवार को तैयारियों की समीक्षा की। दूसरी बार आयोजित परीक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी परिक्षार्थियों को एनटीए के ड्रेस कोड और दिशा-निर्देशों का पालन करने, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, बैग एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केंद्र में न लाने की सलाह दी गई है। पहली बार की परीक्षा में पेपर लीक होने के बाद परीक्षा एजेंसी ने कड़ी सावधानी बरती है। इस बार प्रश्नपत्र हवाई मार्ग से भेजे गए हैं। उन्हें गुप्त स्थानों पर कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है और कल परीक्षा शुरू होने के पहले पुलिस की कड़ी सुरक्षा में केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए विशेष इंतजाम करने कहा गया है। परीक्षा केंद्रों में इस बार ज्यादा संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है ताकी परीक्षा के दौरान होने वाली किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
ELECTRICIAN
2 Year (10th Pass)
FITTER 2 Year (10th Pass)
C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
REGISTRATION OPEN
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर (छ.ग.)
**// शपथ पत्र //**
मैं सुभद्रा बारिक उम्र 36 वर्ष पति- गौतम राम, निवासी- बुडाडांड, जशपुर (छ.ग.) 496224 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हूं:-
1. यह कि, मेरा नाम उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि, मेरे पुत्र पवन बारीक (PAWAN BARIK) के 10वीं की मूल अंकसूची में मेरे पुत्र का जन्म दिनांक त्रुटिवश 20.01.2010 दर्ज व अंकित हो गया है।
3. यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 20.11.2010 दर्ज व अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि, मेरे पुत्र के 10वीं की मूल अंकसूची में मेरे पुत्र का जन्म दिनांक संशोधन कर मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 20.11.2010 दर्ज व अंकित किया करवाना चाहती हूँ।
5. यह कि, मैं यह शपथ पत्र मैं मेरे पुत्र के जन्म दिनांक 20.11.2010 दर्ज व अंकित करवाकर मेरे पुत्र का 10वीं की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु निष्पादित कर रही हूँ।
6. यह कि, इस शपथ पत्र की सारी बाते सही वो दुरूस्त है जो मेरे कहने पर बनाई गयी है, गलत पाये जाने पर मुझपर दण्डात्मक कार्यवाई की जा सकती है।
अतः उपरोक्त संबंध में मै यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।
**शपथकर्ता- सुभद्रा बारिक**
**सत्यापनः-** मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 में वर्णित कथन मेरे स्वयं की जानकारी से सत्य व सही है जिसे आज दिनांक को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूं।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांकः. 19 जून 2026
**सत्यापनकर्ता- सुभद्रा बारिक**

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मोटिवेशनल स्पीकर गगन अवस्थी आज आएंगे

**रायपुर।** अवस्थी शकुंलता फाउंडेशन, तृशिता एजुकेशन सोसाइटी एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले कार्यक्रम 21 जून को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने भारत के सुप्रसिद्ध मानव व्यवहार विशेषज्ञ एवं मोटिवेशनल स्पीकर गगन अवस्थी इंदौर से आज रायपुर आएंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भावानात्मक असंतुलन के वजह से आत्महत्या, बिगड़ते रिश्ते, आर्थिक असफलता, बिगड़ते स्वास्थ्य, तनाव, अवसाद जैसी चुनौतियों से जूझते मानव समाज को भावना की शक्ति कार्यक्रम के माध्यम से सभी समस्याओं के कारण एवं समाधान पर वैज्ञानिक व्याख्या करेंगे।

### प्रेस क्लब में योगाभ्यास कार्यक्रम आज

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में 19 जून से योगाभ्यास कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम पत्रकारों के लिए होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि योगाभ्यास कार्यक्रम सुबह 7 बजे प्रारंभ हो जाएगा।

### रंजन बने भाजयुमो के उपाध्यक्ष

**रायपुर।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष अर्पित सूर्यवंशी ने मंडल अध्यक्ष अजय साहू की अनुशंसा पर मोर्चा के रायपुर ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष पद पर सेजबहार निवासी रंजन ठाकुर को नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भोला साहू सहित युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।



## निधन

### मीरा बजाज

**रायपुर।** न्यू गोमती विहार निवासी मीरा बजाज का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 जून को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुरेश, किशोर, प्रदीप, विक्की, सोनू बजाज की माता थीं।



### बिन्नी शर्मा

**रायपुर।** समता कॉलोनी निवासी बिन्नी शर्मा का 20 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 जून को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. डॉ. सत्येंद्र मोहन शर्मा की पत्नी और क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की माता थीं।



**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक 202606100900021 अ / 6 अ वर्ष-2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.न. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गीता वर्मा पति देवेन्द्र वर्मा निवासी दुर्गा मंदिर के पीछे हनुमान नगर लाखेनगर रायपुर तहसील व जिला रायुपर छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन स्थित भूमि का खसरा नंबर 340/1 का टु. प्रमाणीकरण पश्चात नया खसरा नंबर 340/16 रकबा 1250 वर्गफीट को दिनांक 22.11.2019 के क्रय आधार पर नामांतरण पंजी क्रमांक 19 दिनांक 26.12.2019 को आवेदक के नाम पर नामांतरण दर्ज पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त किन्तु आनलाईन कम्प्यूटर में नाम दर्ज नही होने से आवेदिका के नाम दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदिका श्रीमती गीता वर्मा पति देवेन्द्र वर्मा निवासी दुर्गा मंदिर के पीछे हनुमान नगर लाखेनगर रायपुर तहसील व जिला रायुपर छ.ग. द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार अभिलेख दुरूस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23.06.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.06.2026 को जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार पाटन

---

# पूर्व मंत्री के मोबाइल का कॉल फॉरवर्डिंग कर ठगी की कोशिश

## पत्र भेजने एड्रेस क्लीयर नहीं होने का दिया झांसा

*पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के मोबाइल का कॉल फॉरवर्डिंग कर अज्ञात जालसाजों ने ठगी करने की कोशिश की। पूर्व मंत्री से बात नहीं हो पाने पर जालसाजों ने उनके पीए से बात की। जालसाजों ने सीएम हाउस से मुख्यमंत्री का पत्र पूर्व मंत्री तक पहुंचाने ब्लू डॉर्ट कोरियर से भेजना बताया। पत्र भेजने एड्रेस क्लीयर नहीं होने का झांसा दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मंत्री के निजी सचिव सोमेश सिंह ठाकुर के अनुसार धनेंद्र साहू के पास अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने बताया कि वो ब्लू डार्ट कूरियर से बोल रहा है, मुख्यमंत्री निवास से कुछ पार्सल आया है। कॉल रिसीव करने के बाद श्री साहू ने मीटिंग में व्यस्त होने की बात कह कर अपने पीए से बात करने कहा। इसके बाद जालसाज ने पूर्व मंत्री के पीए के पास कॉल किया। कॉल करने वाले ने पूर्व मंत्री के पीए से कहा कि धनेंद्र साहू का एड्रेस सही नहीं है, इसलिए आप *21*7404504997# पर डायल करके एड्रेस बता दें, कुरियर ब्वाय बंगले में आकर पार्सल छोड़ देगा।

### ऐसे होता है कॉल फॉरवर्डिंग

*किसी भी मोबाइल नंबर के आगे डबल स्टार के बाद 21 इसके बाद पुनः स्टार लगाने उसके बाद 10 डिजिट का मोबाइल नंबर लिखने तथा अंत में हैस लगाने से कॉल फॉरवर्डिंग एक्टिवेट हो जाता है। इस स्कैम में ठग सोशल इंजीनियरिंग और यूएसएसडी कोड का झांसा देकर फोन पर आने वाले सभी ओटीपी और वॉयस कॉल्स अपने नंबर पर ट्रांसफर करवा लेते हैं, जिससे बैंक खाता पूरी तरह खाली हो सकता है।*

### जालसाज ने एड्रेस जानने का झांसा देकर कॉल फॉरवर्डिंग करने की कोशिश की



### ऐसे करते हैं ठगी

*स्कैमर खुद को कूरियर डिलीवरी एजेंट, टेलीकॉम कस्टमर केयर अधिकारी या बैंक प्रतिनिधि बताते हैं। वो दावा करते हैं कि आपका पार्सल अटक गया है, एड्रेस वेरिफिकेशन पेंडिंग है या आपका सिम कार्ड ब्लॉक होने वाला है। इस समस्या को सुलझाने के लिए वो कॉलर के फोन के डायलर से कॉल फॉरवर्डिंग नंबर डॉयल करवा कर विशिष्ट यूएसएसडी कोड डायल करने को कहते हैं।*

---

# अधिवक्ता संघ ने फर्जी वकील को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

*एक आदमी को जमानत दिलाने के नाम पर 10 हजार रुपए ले लिया था*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला अधिवक्ता संघ के वकीलों ने शुक्रवार को एक फर्जी वकील की पहचान कर उसे सिविल लाइंस पुलिस के हवाले किया है। वकीलों ने जिस व्यक्ति को पुलिस के हवाले किया है, उसने वकील का फर्जी पहचान पत्र बनाकर एक व्यक्ति को जमानत दिलाने का झांसा देकर 10 हजार रुपए ले लिया था। वकील का फर्जी कार्ड बनाने वाले को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वकीलों ने मनीष कुर्रे नाम के व्यक्ति को फर्जी वकील होने के आरोप में पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। कोर्ट परिसर में खुद को हरीश डहरिया बताकर एक व्यक्ति को जमानत दिलाने का झांसा दिया था। संदिग्ध हालत में घूमते देखने पर वकीलों ने मनीष से पूछताछ की, तो फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ। फर्जी वकील ने अपने पास बीए, बीकॉम, एलएलबी और एलएलएम की डिग्री होना बताया था। पूछताछ में जानकारी मिली है कि पांच और लोग कोर्ट परिसर में फर्जी वकील बनकर घूम रहे हैं और लोगों को जमानत सहित अन्य कानूनी सहायता करने के नाम पर ठगी कर रहे हैं।

---

## जनवरी में सड़क चौड़ीकरण के लिए खोदे गए गड्ढे

# भनपुरी के टिंबर मार्केट से गंगानगर तक सड़क चौड़ीकरण का काम अधूरा

## टिंबर मार्केट आने-जाने वाले व्यापारी, वाहन चालक, स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी

*नगर निगम जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड के भनपुरी टिंबर मार्केट से गंगानगर तक सड़क चौड़ीकरण का काम अधूरा होने से स्थानीय जनता और राहगीर बेहद परेशान हैं। जनवरी में लोक निर्माण विभाग से अनुबंधित ठेकेदार ने सड़क चौड़ी करने के लिए गड्ढे खुदवाए थे, 6 माह बीतने के बाद भी निर्माण शुरू शुरू नहीं हो पाया है। प्री मानसून शुरू होते ही सड़क किनारे पानी भरने और कीचड़ फैलने से परेशानी हो रही है। आने वाले दिनों में हालत और खराब होने की आशंका है, इससे दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है।*

### कीचड़ ओर गड्ढे में पानी भरने से जनता परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भनपुरी क्षेत्र के टिंबर मार्केट से गंगानगर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधूरा होने और सड़क किनारे एक हिस्से में खुदाई होने से जगह-जगह गंदा पानी जमा हो रहा है। टिंबर मार्केट आने-जाने वाले व्यापारी, वाहन चालक और स्कूली बच्चों के साथ स्थानीय रहवासी आधे-अधूरे सड़क निर्माण की वजह से जोखिम उठाकर आना-जाना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि बारिश का सीजन करीब है, ऐसे में जल्द सड़क निर्माण का अधूरा काम पूरा नहीं किया गया, तो बरसात में सड़क दुर्घटना और यातायात बाधित होने की समस्या गंभीर रूप ले सकती हे।

### रेलवे द्वारा चंडीनगर में किए जा रहे निर्माण से जनता परेशान, आवागमन प्रभावित



*पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के चंडी नगर क्षेत्र में रेलवे द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के कारण क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश के बाद वहां स्थिति और खराब हो गई है। हालात ऐसे हैं कि रास्ता पैदल चलने लायक नहीं रहा। इससे चंडीनगर के 150 परिवारों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। वार्ड पार्षद और जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू ने बताया कि निर्माण कार्य के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने वाले नागरिकों को काफी दिक्कत हो रही है। चंडी नगर के रहवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ मिलकर शासन-प्रशासन और रेलवे विभाग से मांग की है कि समस्या का जल्द समाधान करते हुए वैकल्पिक मार्ग एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। नागरिकों का ये भी कहना है कि यदि जल्द उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले बारिश के दिनों में स्थिति और भी विकट हो सकती है।*

---

# धारदार हथियार से महिला का गला रेता, हालत गंभीर

*महिला को उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घर पर अकेली रहने वाली महिला का अज्ञात हमलावार ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या करने की कोशिश की है। महिला को गंभीर हालत में उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना धरसींवा थाना क्षेत्र के मौहागांव की है। हत्या की कोशिश का अपराध दर्ज कर पुलिस अपराधी की पतासाजी कर रही है।

अज्ञात ने भागबती मन्नाडे (50) की गला रेतकर हत्या करने की कोशिश की है। महिला पिछले कई वर्षों से गांव में अकेली रहकर मजदूरी करती है। शुक्रवार रात उसके रिश्तेदार चंद कुमार गिलहरे ने उसे खाना पहुंचाया था। देर रात जब वह तालाब की ओर गया और लौटकर आया, तो भागबती के घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद वह घर के अंदर गया। कमरे में भागबती खाट पर लहूलुहान हालत में पड़ी थी। उसके गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे और काफी खून बह चुका था। परिजनों और ग्रामीणों की सूचना पर 112 और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को आंबेडकर अस्पताल रायपुर रेफर किया गया। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रात 8:30 से 11:50 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति घर में घुसा और हत्या की नीयत से हमला किया।

---

## गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग

# चोरी की रकम से खरीदी कार हिस्ट्रीशीटर सहित चार गिरफ्तार

*रायपुर ग्रामीण के चार थाना क्षेत्र में चोरी की कई घटना करने के बाद पकड़े गए*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्रामीण थाना क्षेत्र के विधानसभा, तिल्दा-नेवरा, धरसींवा और खरोरा सहित आधा दर्जन चोरी की घटना में शामिल चार बदमाशों को क्राइम ब्रांच तथा संबंधित थानों की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग शामिल हैं। चोरी का मुख्य सरगना महासमुंद का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ महासमुंद में चोरी के एक दर्जन से ज्यादा अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने चोरों के कब्जे से एक बगैर नंबर प्लेट की बाइक के साथ सवा दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं।

चोरी के आरोप में पुलिस ने महासमुंद के हिस्ट्रीशीटर अविनाश गोस्वामी के साथ चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में पंडरी निवासी लक्ष्मी नरसिम्हा जबादी तथा दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है।

### रैकी करने खरीदी सेकेंड हैंड कार

*पूछताछ में हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस को बताया कि उनका चोरी करने के लिए निशाना शहर के आउटर तथा ग्रामीण का इलाका रहता है। बाइक में रैकी करने जाने के बजाय हिस्ट्रीशीटर ने कार से रैकी करने जाने में आसानी होने की जानकारी पुलिस को दी। इसके लिए उसने चोरी के जेवर बेच कर सेकेंड हैंड स्विफ्ट डिजायर कार खरीदी। चोरी करने वो अपने नाबालिग साथियों के साथ कार से जाता था।*

---

## विधायक ने अनुपम गार्डन में नागरिकों से किया संवाद

# महावीर उद्यान बनेगा नागरिक सुविधाओं का आदर्श केंद्र : मूणत

*खेल-मनोरंजन संबंधी सुविधाओं के विस्तार के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को प्रातः जीई रोड स्थित महावीर उद्यान में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद कर उद्यान की व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस अवसर पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जोन अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा दीनदयाल उपाध्याय मंडल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसंवाद के दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने उद्यान की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, खेल सुविधाओं, दीवारों की ऊंचाई, मवेशियों के अनियंत्रित प्रवेश पर चिंता जताई। इसके साथ ही आधारभूत व्यवस्थाओं से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों से श्री मूणत को अवगत कराया।



### सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी

*राजेश मूणत ने उद्यान की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए परिसर की चारदीवारी की ऊंचाई बढ़ाने, मवेशियों के प्रवेश को पूर्णतः रोकने हेतु सुरक्षा गेट स्थापित करने तथा उद्यान में आवश्यक खेल एवं मनोरंजन संबंधी सुविधाओं के विस्तार के निर्देश दिए। उद्यान स्थित "बापू की कुटिया सभी नागरिकों एवं वरिष्ठजनों के लिए पहले की तरह खुली रखने के निर्देश दिए। विधायक राजेश मूणत ने कहा उद्यान केवल एक सार्वजनिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, परिवारों एवं युवाओं के सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आने वाले प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है।*

नागरिकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए श्री मूणत ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र अमल में लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में पाई गई कमियों पर मूणत ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि उद्यान परिसर की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए तथा नागरिकों

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

मैं सुभद्रा बारिक उम्र 36 वर्ष पति- गौतम राम, निवासी- बुडाडांड, जशपुर (छ.ग.) 496224 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हूं:-

1. यह कि, मेरा नाम उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि, मेरे पुत्र पवन बारीक (PAWAN BARIK) के 10वीं की मूल अंकसूची में मेरे पुत्र का जन्म दिनांक त्रुटिवश 20.01.2010 दर्ज व अंकित हो गया है।
3. यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 20.11.2010 दर्ज व अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि, मेरे पुत्र के 10वीं की मूल अंकसूची में मेरे पुत्र का जन्म दिनांक संशोधन कर मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 20.11.2010 दर्ज व अंकित किया करवाना चाहती हूँ।
5. यह कि, मैं यह शपथ पत्र में मेरे पुत्र के जन्म दिनांक 20.11.2010 दर्ज व अंकित करवाकर मेरे पुत्र का 10वीं की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु निष्पादित कर रही हूँ।
6. यह कि, इस शपथ पत्र की सारी बाते सही वो दुरूस्त है जो मेरे कहने पर बनाई गयी है, गलत पाये जाने पर मुझपर दण्डात्मक कार्यवाई की जा सकती है।

अतः उपरोक्त संबंध में मै यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ता- सुभद्रा बारिक**

**सत्यापनः-** मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 में वर्णित कथन मेरे स्वयं की जानकारी से सत्य व सही है जिसे आज दिनांक को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूं।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांकः. 19 जून 2026

**सत्यापनकर्ता- सुभद्रा बारिक**

---

## बिजनेस साइट

### 'चिरायु योजना' ने बचाई मासूम की जिंदगी, ब्लू बेबी सिंड्रोम से पीड़ित बच्ची का सफल ऑपरेशन

*रायपुर। मुख्यमंत्री चिरायु योजना एक बार फिर गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चे के लिए जीवनदायिनी साबित हुई है। राजधानी के मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में ब्लू बेबी सिंड्रोम से पीड़ित दो वर्षीय मासूम बच्ची का सफल हृदय ऑपरेशन किया गया। इस जटिल और खर्चीली सर्जरी का पूरा उपचार चिरायु योजना के तहत निःशुल्क किया गया। अस्पताल के कार्डियक सर्जन डॉ. विवेक वाधवा एवं कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. देवेंद्र पांडे के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने बच्ची का सफल ऑपरेशन किया। चिकित्सकों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने पर बच्ची का ऑक्सीजन स्तर मात्र 55 प्रतिशत था, जो सर्जरी के बाद बढ़कर 85 प्रतिशत हो गया है। डॉक्टरों ने बताया कि छह से आठ माह बाद दूसरे चरण का ऑपरेशन किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने चिरायु योजना को बच्चों के लिए वरदान बताते हुए समय पर जांच और उपचार कराने की अपील की है।*



### सफल लेसिक सर्जरी के बाद मरीज परिवार ने जताया आभार, ओम नेत्र केंद्र की सेवाओं की सराहना

*रायपुर। राजधानी स्थित ओम नेत्र केंद्र में डॉ. हर्षवर्धन गुप्ता एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा की गई लेसिक सर्जरी के सफल परिणाम से मरीज और उनके परिजन बेहद संतुष्ट हैं। मरीज की बहन ने बताया कि सर्जरी के बाद उनकी दृष्टि पूरी तरह स्पष्ट हो गई है तथा अब उन्हें चश्मे की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। परिजनों ने बताया कि उपचार की पूरी प्रक्रिया के दौरान डॉक्टर और अस्पताल के स्टाफ का व्यवहार अत्यंत पेशेवर, सहयोगात्मक और संवेदनशील रहा। प्रारंभिक परामर्श से लेकर सर्जरी और बाद की देखभाल तक टीम ने हर चरण में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे मरीज और परिवार का आत्मविश्वास बढ़ा। परिवार के अनुसार, लेसिक सर्जरी के परिणाम उनकी अपेक्षाओं से बेहतर रहे हैं। उन्होंने डॉ. हर्षवर्धन गुप्ता एवं उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं की सराहना की।*



डॉ. हर्षवर्धन गुप्ता

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass) • C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
REGISTRATION OPEN
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बच्चों के हित में श्रेष्ठ रिपोर्टिंग, पत्रकारों को मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एमसीसीआर ट्रस्ट द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बीते 5 वर्षों से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं बाल अधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान देने वाले पत्रकारों एवं मीडिया संस्थानों को मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी श्रेष्ठ रिपोर्टिंग के लिए प्रदेश के 9 पत्रकारों और दो फोटोग्राफरों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ में एमसीसीआर ट्रस्ट द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से वर्ष 2020 में शुरू किया गया यह पहला विशिष्ट मीडिया पुरस्कार है। इस वर्ष रुचि पांडेय को डिजिटल मीडिया के लिए, अनुज नहरिया, विक्रम तिवारी, यशवंत चक्रधारी, यशवंत सिन्हा को प्रिंट मीडिया के लिए, कुश अग्रवाल को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए, प्रदीप डडसेना, हेमंत गोस्वामी को फोटोग्रॉफी के लिए, जॉन राजेश पॉल, आरके गांधी, और नारद योगी को रचनात्मक उत्कृष्टता के लिए मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजधानी के होटल सयाजी में हुए इस अवॉर्ड समारोह में यूनिसेफ की हेड सुश्री सीमा कुमार (चीफ, यूनिसेफ छत्तीसगढ़) द्वारा मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### शिव वाटिका की महिलाओं ने बांटी खिचड़ी



**रायपुर।** अश्वनी नगर स्थित शिव वाटिका परिसर की महिलाओं द्वारा अधिमास के उपलक्ष्य में गत दिनों खिचड़ी का वितरण किया गया। प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण करने और दान-पुण्य के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। यह कार्यक्रम शिव वाटिका परिसर के मुख्य द्वार पर शाम 6 बजे से 8 तक रखा गया। कार्यक्रम में वर्षा चौधरी, परिणीता खांडेकर, सरिता माहेश्वरी, ज्योति सिंह, अंजलि कान्हे, मीरा पाठक, कला लखानी, अपर्णा धबड़गांव, मंजूषा निनावे, जयश्री शर्मा, मालती अग्रवाल, ममता बिंदल, मधु जैन ने सहयोग दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के दो कार्यक्रम आज

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज व्यापारियों और आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने 21 जून को दो विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रहा है। सुबह के सत्र में बांबे मार्केट स्थित चैंबर हॉल में योग, ध्यान का विशेष शिविर लगेगा, वही शाम के समय राजधानी के मेग्नेटो मॉल में भव्य योग लेजेंट्स समारोह आयोजित होगा। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि योग हमारे ऋषियों-मुनियों द्वारा दी गई वह अमूल्य धरोहर है, जो हमारे शरीर को निरोग, बुद्धि को प्रखर और मन को शांत रखती है। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा अगर हमारा व्यापारी स्वस्थ रहेगा, तभी हमारा व्यापार समृद्ध रहेगा। इसी सोच के साथ छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स व्यापारियों को स्वस्थ जीवन और स्वस्थ मस्तिष्क के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आव्हान करता है। श्री थौरानी ने बताया कि रविवार को सुबह 7 बजे 8:30 बजे तक चैंबर हॉल में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के मुख्य अतिथि राकेश चतुर्वेदी, पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक, योग और फिटनेस विशेषज्ञ डॉ. सुनील शुक्ला, योग प्रशिक्षिका प्रीति सलूज और संगीता मंडल शर्मा व्यापारियों योग, ध्यान कराने कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल रहेंगे।

# 1.8 एकड़ जमीन पर हाउसिंग बोर्ड बनवाएगा 10 मंजिला कमर्शियल सह आवासीय कांप्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पीपीपी मोड पर होगा निर्माण, हाउसिंग बोर्ड ने ऑनलाइन टेंडर जारी किया

शंकरनगर क्षेत्र के बीटीआई मैदान के पीछे और सिंधु भवन के बगल में शिक्षा विभाग के स्टाफ के लिए बनाए गए जर्जर व झोपड़ीनुमा 40 क्वाटर्स को तोड़कर उनके लिए उसी जगह पर आधुनिक क्वाटर्स बनाकर दिए जाएंगे।

प्राइम लोकेशन में स्थित 1.08 एकड़ जमीन पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल रीडेवपलमेंट प्रोजेक्ट ला रहा है, जिसमें पीपीपी मोड पर निजी निवेशक 10 मंजिला भव्य और सर्व सुविधा युक्त कमर्शियल सह आवासीय कंपलेक्स का निर्माण कराया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में हरित क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए अलग से गार्डन, गाड़ियों की पार्किंग के लिए अलग से सुविधा, लिफ्ट तथा पूरे परिसर की सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। छत्तीसगढ़ हाउसिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड ने इस प्रोजेक्ट के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रोफेशनल डेवलपर्स से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

दरअसल, शंकरनगर के बीटीआई मैदान के पीछे शिक्षा विभाग के 40 जर्जर व अनुपयोगी स्टाफ क्वाटर्स को तोड़ा जाएगा और उसकी जगह अत्याधुनिक 40 स्टाफ क्वाटर्स बनाकर शिक्षा विभाग को दिए जाएंगे। शासन के बहुमूल्य उपेक्षित पड़ी बेशकीमती जमीन पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक बड़ा रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू हो रहा है।

## बीटीआई मैदान के पीछे झोपड़ीनुमा स्टाफ क्वाटर्स टूटेंगे




### ऑनलाइन टेंडर किया जारी

जून 2026 में ही राज्य सरकार और छत्तीसगढ़ हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए बाकायद ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने हरिभूमि को बताया, हाउसिंग बोर्ड इस 1.8 एकड़ का उपयोग कर 10 मंजिला आधुनिक व्यावसायिक सह आवासीय परिसर का निर्माण कराएगा। पीपीपी मोड पर रीडेवलपमेंट प्लान में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। इसके साथ ही इस परियोजना की मानिटरिंग का जिम्मा भी संभालेगा। इस स्कीम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मिश्रित उपयोग के लिए तैयार करना है, जिसमें 50 फीसदी क्षेत्र आवासीय एरिया के तहत आवासीय ब्लाक बनाए जाएंगे, जबकि बाकी के 50 फीसदी क्षेत्र में व्यावसायिक उपयोग के लिए दुकानें बनाई जाएंगी।

# सूख चुके 57 हैंडपंप को मिलेगा नया जीवन बोरवेल रीचार्ज शाफ्ट तकनीक अपनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी के सीजन में हर साल शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैंडपंप भू-जल का स्तर नीचे चले जाने के कारण सूख जाते हैं, जिसके कारण आम लोगों के साथ किसानों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। स्थिति यह हो जाती है कि गर्मी के दिनों में कई इलाकों में पानी की समस्या दूर करने के लिए नए हैंडपंप लगाना पड़ता है, जिसमें काफी राशि खर्च भी होती है, लेकिन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने अब इस समस्या का हल निकाला है। इसके लिए अब सूखे हैंडपंपों को बोरवेल रीचार्ज शाफ्ट तकनीक से नया जीवन देना है।

***57 हैंडपंपों का चयन :*** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए सूखे हैंडपंपों और बोरवेलों के रीचार्ज का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों के सूखे हैंडपंपों की सूची प्राप्त कर स्थलों का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान स्थल उपलब्धता एवं जलग्रहण क्षेत्र (कैचमेंट) की उपयुक्तता के आधार पर 57 हैंडपंपों का चयन किया। ये चयनित कार्य मनरेगा के तहत स्वीकृत किए गए हैं।



### इस तरह से मिलेगा नया जीवन

इस तकनीक के जरिए बारिश के पानी को नालियों के माध्यम से एकत्र कर बोरवेल के समीप बनाए गए रीचार्ज पिट में प्रवाहित किया जाता है। यह पानी रेत, गिट्टी और बड़े पत्थरों की परतों से होकर गुजरता है, जिससे उसमें मौजूद कचरा एवं अशुद्धियां छन जाती हैं। इसके बाद स्वच्छ जल रीचार्ज शाफ्ट के माध्यम से जमीन के भीतर पहुंचकर भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद करता है।

### नया जीवन देने योजना

बोरवेल रीचार्ज शाफ्ट तकनीक से सूखे हैंडपंपों को नया जीवन देने की योजना चलाई जा रही है। इसके तहत सूखे हैंडपंप के समीप रीचार्ज पिट तैयार किया जा रहा है, ताकि बारिश का पानी छनकर जमीन के अंदर जाए। इससे भू-जल का स्तर बढ़ेगा और सूखे हैंडपंप को नया जीवन मिलेगा।

*- रोशनी तिवारी*
*कार्यक्रम जिला अधिकारी, मनरेगा रायपुर*

### आरंग में 21 तिल्दा-धरसींवा में 15-15 एवं अभनपुर में 6 सूखे हैंडपंप होंगे रीचार्ज

मनरेगा के अफसरों के अनुसार 57 सूखे हैंडपंपों का चयन चारों ब्लॉक क्षेत्रों में किया है। इसके तहत आरंग में 21, धरसींवा एवं तिल्दा में 15-15 तथा अभनपुर में 6 हैंडपंप चयन किए गए हैं। इन सभी हैंडपंपों को नया जीवन देने के लिए अब बोरवेल रीचार्ज शाफ्ट तकनीक अपनाई जाएगी, जिसके तहत वर्षा के स्वच्छ बहाव जल को प्राकृतिक रूप से छानकर भूजल स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

# प्राकृतिक खेती बड़े आंदोलन के रूप में उभर रही : बजरंगी यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कार्यशाला में बोले किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री और छत्तीसगढ़ प्रभारी बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा, आज के समय में कृषि में रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग ने न केवल हमारी फसलों को जहरीला बना दिया है, बल्कि इसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या के समाधान के रूप में प्राकृतिक खेती एक बड़े आंदोलन के रूप में उभर रही है। यह पद्धति पूरी तरह से सिंथेटिक रसायनों से मुक्त है, जो हमारे भोजन को शुद्ध और पौष्टिक बनाती है।

श्री यादव शनिवार को यहा कृषि विश्वविद्यालय स्थित स्वामी विवेकानन्द सभागार में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला व उन्नत किसान सम्मेलन में बोल रहे थे। श्री यादव ने कहा, कृषि को रसायन मुक्त बनाने, मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से प्राकृतिक खेती अपनाने से हवा, पानी और भोजन में घुल रहे रसायनों पर रोक लगेगी, जिससे कैंसर, लिवर और किडनी से जुड़ी बीमारियों में भारी कमी आएगी।




### प्राकृतिक खेती मिट्टी के लिए संजीवनी : रामविचार नेताम

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, लगातार यूरिया और डीएपी के इस्तेमाल से देश की उपजाऊ मिट्टी कड़क और बेजान होती जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि मिट्टी का स्वास्थ्य नहीं सुधारा गया, तो भविष्य में खाद्यान्न संकट खड़ा हो सकता है। ऐसे में प्राकृतिक खेती मिट्टी के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस पद्धति में गाय के गोबर और गोमूत्र से तैयार जीवामृत का उपयोग किया जाता है, जो मिट्टी में सुप्त पड़े केंचुओं और लाभकारी सूक्ष्मजीवों को सक्रिय कर देता है। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती की नवीन तकनीकों, जैविक संसाधनों के प्रभावी उपयोग, मिट्टी की सेहत, जल संरक्षण, कीट प्रबंधन और किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, अभिनेष कश्यप,मोनू वर्मा,ओमप्रकाश देवांगन, देवेंद्रसिंह ठाकुर वैभव वैष्णव सहित किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# दो माह में 5 हजार रजिस्ट्री 91.96 करोड़ से अधिक आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अप्रैल और मई का महीना जरूर भीषण गर्मी से गुजरा है, लेकिन इस गर्मी का असर न ही प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री पर और न ही रजिस्ट्री कराने वालों पर पड़ा है। इस भीषण गर्मी में एक ओर जहां लोग घरों से कम निकलना पसंद कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर पंजीयन दफ्तर में दिनभर रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगी रही। यही वजह है कि पिछले दो महीने में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री जमकर हुई है। इन दो माह में 5 हजार रजिस्ट्री हुई है, जिससे 91 करोड़ 96 लाख से अधिक की आय हुई है। इस तरह प्रतिदिन औसतन 83 रजिस्ट्री हुई है।



### जून में भी लगी रजिस्ट्री दफ्तर में भीड़

अप्रैल, मई के बाद अब जून में भी रजिस्ट्री दफ्तर में हर दिन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लग रही है। विभागीय अधिकारियों ने संभावना व्यक्त की है कि चालू माह में भी रजिस्ट्री का आंकड़ा 2500 से 3000 के बीच होगा। इससे आय भी अच्छी होगी।

### अप्रैल में 2742 एवं मई में 2262 रजिस्ट्री हुई

पंजीयन दफ्तर से मिले आकड़ों के अनुसार रायपुर पंजीयन दफ्तर में अप्रैल में 2742 रजिस्ट्री हुई थी, जिससे 47 करोड़ 51 लाख रुपए से अधिक की आय हुई थी। इसी प्रकार मई में 2262 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 44 करोड़ 45 लाख से अधिक आय हुई है। रजिस्ट्री कराने में इस बार महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। मई में 1105 रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर हुई है। इससे महिलाओं को पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की बचत भी हुई है।

# आधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 200 से अधिक ट्रांसपोर्टर एकजुट, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी को सौंपे फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ एक स्वर से शहर से बाहर ट्रांसपोर्ट नगर ले जाने सदस्यों ने भरी हामी

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभा भवन में शनिवार को राजधानी गुड्स ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर एसोसिएशन की पहली आमसभा हुई। इसमें 200 से अधिक ट्रांसपोर्टर व्यवसायिओं ने एकजुटता दिखाते हुए शहर से बाहर नए आधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण और जमीन आवंटन की मांग जोर-शोर से उठाई। इस मौके पर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी को आमसभा में सभी ट्रांसपोर्ट व्यवसायिओं ने अपने आवेदन और आवश्यक डाटा फार्म भरकर सौंपे। आमसभा में 200 से अधिक ट्रांसपोटर्स ने एक स्वर में शहर से बाहर ट्रांसपोर्ट ले जाने और सभी ट्रांसपोर्टर्स को शहर के बाहर जमीन आवंटित कर स्थानांतरित किए जाने की मांग की। यह पूरी मुहिम छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के कुशल नेतृत्व और चैंबर ट्रांसपोर्ट विंग के अध्यक्ष हरचरण साहनी के मार्गदर्शन में चलाई गई।

इस मौके पर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि रायपुर के 200 से अधिक ट्रांसपोर्ट व्यवसायिओं ने एक स्वर से शहर के बाहर आधुनिक ट्रांसपोर्ट नरग में शिफ्ट होने की जो सहमति दी है, वह राजधानी के सुनियोजित विकास ओर भविष्य के व्यापार के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। चैंबर इस मांग का पूर्ण समर्थन करता है, जल्द ही इन सभी आवेदनों को शासन-प्रशासन के समक्ष रखकर भूमि आवंटन की प्रक्रिया तेज कराई जाएगी। श्री थौरानी ने कहा ट्रांसपोर्ट नगर शहर के बाहर जाने से रायपुर शहर की पूरी यातायात व्यवस्था में एक क्रांतिकारी सुधार आएगा। भारी वाहनों के शहर के बाहर ही रुकने से शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, जिससे आम जनता को बेहद सुगम, सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

माल की आवाजाही बिना किसी नो एंट्री की बाधा के चौबीस घंटे होगी, इससे लॉजिस्टिक की गति बढ़ेगी और व्यापारियों को सीधा फायदा मिलेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वरूप चोपड़ा के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम जिनमें महामंत्री नीरज बंसल, विशाल ककलानी, उपााध्यक्ष पिंटू सिंह, सिद्धार्थ भल्ला, सचिव रूपेश चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष उमेश वर्मा, मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, अंकित जैन सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने एकमत होकर प्रस्ताव पारित किए।



### ये रहे उपस्थित

बैठक को सफल बनाने में चैंबर सलाहकार गुरजीत सिंह संधू, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष अमरदास खट्टर, दिलीप इसरानी, मंत्री प्रशांत गुप्ता, राजेंद्र पारख सहित उनकी टीम की सहभागिता रही।

# बिजली आरक्षित वर्ग अधिकार कर्मचारी संघ का प्रदर्शन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सामूहिक अवकाश लेकर करेंगे आंदोलन

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ कर्मचारी विरोधी नीति को लेकर मोर्चा खोल दिया है। 22 जून को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

संघ के महासचिव विजय ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों के निराकरण के लिए संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है। आंदोलन की पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद विगत दिवस विद्युत कंपनी प्रबंधन ने सहायक श्रम आयुक्त की मध्यस्थता के बाद द्विपक्षीय चर्चा एवं सकारात्मक पहल करने के बजाय कर्मचारियों की मांगों को नजरअंदाज करते हुए एकपक्षीय एवं दंडात्मक निर्देश परिपत्र जारी किया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। संघ ने आरोप लगाया कि प्रबंधन का यह रवैया औद्योगिक शांति एवं सौहार्द, संवाद की भावना के विपरीत है। कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर विचार करने के बजाय दबावपूर्ण कार्यवाही करना लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप नहीं माना जा सकता।

संघ ने प्रदेशभर के समस्त आरक्षित वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों से अपील की है कि वे 22 जून 2026 के एक दिवसीय सामूहिक अवकाश आंदोलन में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कर एकजुटता का प्रदर्शन करें।

### विधिक साक्षरता शिविर

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन औरजिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में विशेष विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नालसा जागृति योजना के अंतर्गत वरिष्ठजन अधिकार, सशक्तिकरण और गरिमा विषय पर शिविर विभिन्न शासकीय कार्यालयों, बैंकों, आश्रय गृहों, वृद्धाश्रमों तथा सार्वजनिक स्थलों पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालिंटियर शंकर लाल साहू,टोपेन्द्र वर्मा द्वारा गत दिनों तहसील कार्यालय, उप तहसील सारागांव, मां कौशल्या धाम नगर पंचायत चन्दखुरी तथा चितवन वृद्धाश्रम टिकरापारा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।


# ग्रीष्मलहर की चपेट में आई राजधानी बस्तर में छाए बादलों पर टिकी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ शहर का अधिकतम तापमान सात डिग्री ज्यादा, हुई वर्षा तो बस्तर तक आएगा मानसून

सामान्य से सात डिग्री ज्यादा तापमान के साथ राजधानी ग्रीष्मलहर की चपेट में आ गयी है। वहीं बस्तर में काफी मात्रा में बादल छाए हुए हैं, जो अगर बरसते हैं, तो मानसून को आगे बढ़ाया जा सकता है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश के कुछ इलाकों में बारिश हुई है, मगर यह सीजनल नहीं है। शनिवार को बिगड़े मौसम की वजह से उत्तरी इलाके में बिजली गिरने से एक छात्रा की मौत भी हो गई।

प्रदेश में मानसून सप्ताहभर लेट हो चुका है। रविवार यानी 21 जून को इसके अंबिकापुर पहुंचने की सामान्य तारीख है, जबकि वास्तव में इसकी एंट्री अब तक बस्तर में नहीं हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस तरह की स्थिति वर्ष 2023 में बनी थी, जब 23 जून को राज्य में मानसून की दस्तक हुई थी।



इस बार भी ऐसा ही कुछ होता दिख रहा है। मध्य इलाका अभी तेज गर्मी की चपेट में है, खासकर रायपुर में तो शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार होकर सामान्य से 7 डिग्री तक अधिक हो गया। दोपहर यहां तेज धूप लोगों की असहजता का कारण बनती रही। अभी सबसे बड़ी चिंता मानसून के प्रदेश पहुंचने की है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य के विभिन्न इलाकों में वर्षा तो हो रही है, मगर मानसूनी ना होकर पश्चिमी विक्षोभ सहित अलग-अलग कारणों से है। बस्तर में काफी मात्रा में बादल छाए हुए हैं।

### अभी ऐसा सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अभी दक्षिण पश्चिम मानसून ने अपनी स्थिति बदली नहीं है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास दूसरी द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से तटीय आंध्र प्रदेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए विस्तारित है। रविवार को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## पेज 11 के शेष ...

### 5 नए मेडिकल कालेज ...

भर्ती के कुछ पदों को छोड़कर अन्य के लिए दूसरी साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी की जा रही है। पहले दौर में मई के महीने में सीनियर रेसीडेंट डाक्टर के 25 पद यानी सभी कालेजों के लिए 5-5 एसआर की भर्ती के लिए आवेदन मंगाया गया था। काफी कोशिशों के बाद यह प्रक्रिया पूरी हुई और जारी किए गए नियुक्ति आदेश में एकमात्र एसआर मनेन्द्रगढ़ कालेज को मिली है।

### अब ट्रेन में भीख...

द्वारा स्वीकृत जनविश्वास अधिनियम 2026 को शनिवार, 20 जून से लागू कर दिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। रेलवे बोर्ड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर (पैसेंजर मार्केटिंग) शिवेंद्र शुक्ला ने सभी प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों को पत्र भेजकर नए नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मौके पर जुर्माना न देने की स्थिति में मामला कोर्ट जाएगा, जहां भारी जुर्माने के साथ कारावास की सजा का भी सख्त प्रावधान किया गया है।

### बिना टिकट यात्रा और ...

500 रुपये जुर्माना देना होगा। बिना लाइसेंस सामान बेचना, फेरी लगाना या भीख मांगना (धारा 144) पर दो हजार रुपये जुर्माना लगेगा। भुगतान न करने पर अदालत में पेशी और 5,000 रुपये तक जुर्माना या 3 माह तक की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर एक वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

### महिला कोच में प्रवेश ...

का भारी जुर्माना देना होगा और उसे तुरंत वहां से हटाकर कार्रवाई की जाएगी। ट्रेन में खतरनाक या प्रतिबंधित सामान ले जाने (धारा 165) पर सीधा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और रेलवे को कोई नुकसान होने पर उसकी भरपाई भी यात्री को करनी होगी।

इसके अलावा, ट्रेन या रेलवे परिसर में धूम्रपान करने (धारा 167) पर पहले लगने वाले 100 रुपये के जुर्माने को बढ़ाकर अब दो हजार रुपये कर दिया गया है।

### कार लौटाने गए बीबीए ...

वह रूबल छाबड़ा की वार्ना कार किराए पर चला रहा था, लेकिन किराया नहीं दे पाने के कारण वाहन वापस करना चाहता है। इस पर तुषार कार लेकर रूबल छाबड़ा को सौंपने के लिए गया। रूबल ने उसे न्यू राजेंद्र नगर स्थित पुजारी पेट्रोल पंप के पास बुलाया।

कार मिलने के बाद रूबल ने कहा कि वह पेट्रोल भरवाकर तुषार को घर छोड़ देगा। तुषार कार में बैठ गया, लेकिन पेट्रोल भराने के बाद रूबल उसे घर छोड़ने के बजाय सीधे हाईवे की ओर ले गया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर रूबल ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया, बाल पकड़कर मारपीट की और उसे चुप रहने की धमकी दी। इसके बाद उसे भिलाई ले जाकर कहा गया कि वह अपने भाई से पैसे मंगवाए, अन्यथा उसे विशाखापट्टनम भेज दिया जाएगा।

### मौके पर पेट्रोलिंग टीम ने...

ने दोनों को हिरासत में लेकर थाना पहुंचाया। तुषार ने शिकायत में यह भी बताया कि हाथापाई के दौरान उसके गले में पहनी सोने की चेन कहीं गिर गई।

### नीट की स्थगित ...

परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक हर हाल में केंद्र के भीतर प्रवेश करना होगा। सभी केंद्रों में सुरक्षा के मद्देनजर बायोमेट्रिक सत्यापन, पहचान जांच और सुरक्षा जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर डा. गौरव सिंह से अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शनिवार को तैयारियों की समीक्षा की। दूसरी बार आयोजित परीक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी परिक्षार्थियों को एनटीए के ड्रेस कोड और दिशा-निर्देशों का पालन करने, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, बैग एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केंद्र में न लाने की सलाह दी गई है। पहली बार की परीक्षा में पेपर लीक होने के बाद परीक्षा एजेंसी ने कड़ी सावधानी बरती है। इस बार प्रश्नपत्र हवाई मार्ग से भेजे गए हैं। उन्हें गुप्त स्थानों पर कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है और कल परीक्षा शुरू होने के पहले पुलिस की कड़ी सुरक्षा में केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए विशेष इंतजाम करने कहा गया है। परीक्षा केंद्रों में इस बार ज्यादा संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है ताकी परीक्षा के दौरान होने वाली किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 21 जून 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937


लाइव इवेंट

## लोकभवन में दिखी विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति



**रायपुर।** लोकभवन में 3 राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस समारोह में पश्चिम बंगाल, गोवा और तेलंगाना राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि जब हम एक-दूसरे की भाषा, कला, संस्कृति और जीवनशैली से एकाकार होते हैं तो राष्ट्र की एकता और अखंडता और मजबूत होती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक-दूसरे राज्य की संस्कृति को जानना और आदान-प्रदान करना है। राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल ने हमें कई ऐसे महापुरुष दिए हैं, जिन्होंने देश और समाज की दिशा ही बदल दी। बंकिमचंद्र चटर्जी के वंदेमातरम गीत ने सारे देश में जागरण लाया। स्वामी विवेकानंद ने भारत की संस्कृति का पूरे विश्व में प्रचार-प्रचार किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

समारोह में राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने राज्यों की विशेषताओं, परंपरा, संस्कृति पर प्रकाश डाला। समारोह में विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सभी राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने राजकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने भी राज्यपाल को अपने राज्य की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। जगदलपुर के ट्री-मैन और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने वाले सम्पत झा सहित रिनी छाबड़ा, सीमा गुप्ता, ललिता पैकरा और तूलिका पाण्डेय को राज्यपाल ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया।



## सेवा दिवस के रूप में मनाया योग महोत्सव

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय योग महोत्सव शनिवार को शुरू हुआ। आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के तहत प्रथम दिवस जागरूकता अभियान के रूप में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ, जबकि दूसरा दिन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा।सुबह 5:30 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ भजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' के तहत विशेष आसन, प्राणायाम और ध्यान का सामूहिक अभ्यास कराया गया। साधकों ने योगमुद्रा, भुजंगासन, शलभासन और कपालभाति का अभ्यास किया। प्रियदर्शनी नगर के साधकों ने योग नृत्य और भैरव सोसायटी ने प्रेरणादायी नाटक प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। वरिष्ठ साधक मुकेश सोनी ने सभी को निष्काम सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

भनपुरी सरकारी स्कूल बना योग आश्रम, लगातार 5 साल से राष्ट्रीय योग स्पर्धा में यहीं के बच्चे ले रहे हिस्सा

# 1995 से जागी योग की अलख, रिटायरमेंट के बाद भी सुबह-शाम क्लास ले रहे प्रधानपाठक


**रायपुर।** नियमित योग हर बीमारी की अचूक दवा है, और इस बात को राजधानी के भनपुरी स्थित सरकारी स्कूल के बच्चों ने पूरी तरह सच कर दिखाया है। यह स्कूल अब बच्चों और स्थानीय लोगों के लिए किसी 'योग आश्रम' से कम नहीं रह गया है। यहां के बच्चे योग सीखकर न केवल खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बना रहे हैं, बल्कि हर साल राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली योग प्रतियोगिताओं में भी छत्तीसगढ़ का शानदार प्रतिनिधित्व कर राज्य का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस स्कूल की सबसे खास और गर्व करने वाली बात इसका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए हर साल राज्यभर से कुल 16 बेहतरीन बच्चों का चयन किया जाता है। पिछले पांच सालों के आंकड़े देखें, तो टीम में शामिल ये सभी 16 बच्चे अकेले इसी भनपुरी स्कूल से चुने गए हैं। योग के प्रति बच्चों में इतना भारी उत्साह है कि वे अब सुबह-सुबह ही स्कूल पहुंचकर अभ्यास में जुट जाते हैं। बच्चों के जीवन में योग को गहराई से शामिल करने के लिए यहां अलग से नियमित योग क्लासेस आयोजित की जा रही हैं।



### रिटायर्ड हेडमास्टर की मेहनत ला रही रंग



भनपुरी स्कूल के इस शानदार प्रदर्शन और योग क्रांति के पीछे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक छगन सोनवानी की वर्षों की अथक मेहनत है। श्री सोनवानी ने बताया कि इस स्कूल में साल 1995 से ही बच्चों को योग का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। योग और बच्चों के प्रति उनका समर्पण ऐसा है कि अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी वे रोजाना बिना नागा किए बच्चों को योग सिखाने स्कूल पहुंचते हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में स्कूल में रोजाना सुबह और शाम 5 बजे विशेष योग सत्र का आयोजन किया जाता है। इस निशुल्क और स्वास्थ्यवर्धक पहल का दायरा केवल स्कूली बच्चों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के स्थानीय नागरिक भी पूरे उत्साह के साथ इसमें शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।



## योग प्रशिक्षिकाएं बिखेर रहीं सेहत की रोशनी

मोवा की अनुभवी योग प्रशिक्षिका दीप कुमारी साहू और चित्ररेखा साहू पिछले 12 वर्षों से लोगों को स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जीने की राह दिखा रही हैं। इन 12 सालों में उन्होंने योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम की बारीकियों पर महारत हासिल की है। दीपयोग के जरिए वे अब तक सैकड़ों लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बना चुकी हैं। उनका कहना है कि आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में उनकी ये योग क्लासेस स्थानीय लोगों के लिए काफी मददगार है।



## कृषि विवि में योग शिविर का समापन, आज राज्यपाल के साथ करेंगे योगाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को कृषि मंडपम में समापन हुआ। 18 से 20 जून तक चले इस शिविर में छात्र-छात्राओं, अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगासन, प्राणायाम और ध्यान का सामूहिक अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने व्यस्तता के कारण प्रत्यक्ष रूप से शामिल न हो पाने के बावजूद सभी को योग को दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 21 जून को मुख्य आयोजन कृषि मंडपम में होगा, जहां वे राज्यपाल के साथ योगाभ्यास करेंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने इस सफल आयोजन के लिए एनएसएस समन्वयक डॉ. सुबुही निषाद को बधाई दी। शिविर में डॉ. पायल जैसवाल, डॉ. रामकुमार ठाकुर और प्रशिक्षिका संगीता निर्मलकर के नेतृत्व में साधकों ने अभ्यास किया। समापन पर सभी ने 'योगमय भारत, स्वस्थ भारत' के निर्माण का संकल्प लिया।




‘जगन्नाथ एनक्लेव अपार्टमेंट कैंपस में हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज ने स्पांसर शुभम के. मार्ट के साथ मिलकर अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव का आयोजन किया। गरिमामय प्रोग्राम में उत्साह का माहौल बना, जब म्यूजिकल चेयर रेस में विजेता बनने के लिए महिलाओं ने प्रतिभागी के रूप में सहभागिता निभाई। दर्शक दीर्घा में मौजूद लोगों ने तालियों से सभी प्रतिभागी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतिभा और वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाने से अपार्टमेंट में खुशनुमा माहौल बना। वहीं राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर प्रबुद्धजनों ने बेबाकी से अपने विचार रखे।’

## हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज ने स्पांसर शुभम के. मार्ट के साथ किया अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव का आयोजन

# म्यूजिकल चेयर रेस में छलका उत्साह, प्रतिभा सम्मान पाकर खिले चेहरे

**रायपुर।** हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज ने शनिवार की शाम 5 से 7 बजे के बीच अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव की कड़ी में अपार्टमेंट कैंपस में एक गरिमामय वातावरण में मनोरंजन के लिए म्यूजिकल चेयर रेस का सिलसिला शुरू किया। इसमें जीत के लिए तीन राउंड में रेस का दौर चला। हर दौर में किसी एक प्रतिभागी ने कुर्सी गंवाई। एक समय ऐसा भी आया, जब सिर्फ तीन प्रतिभागी रेस का हिस्सा रही। इनमें भी एक प्रतिभागी के हटते ही एक कुर्सी के लिए दो दावेदार म्यूजिकल रेस में विजेता बनने के लिए प्रयास करती नजर आई। इसमें मंजू लालवानी को विजेता घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि बचपन से लेकर आज तक उन्होंने कभी भी कुर्सी रेस में भाग नहीं लिया था, पहली बार प्रतिभागी बनीं और विजयी होने की खुशी मिली। दर्शकों ने भी तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।





### राम मंदिर में चढ़ावा चोरी रोकने दिए सुझाव

अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव की श्रृंखला में हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी जैसे ज्वलंत मुद्दे पर प्रबुद्धजनों से संवाद किया। इसमें महिलाओं और पुरुषों ने जन-मन की बात करते हुए कहा कि आस्था केंद्र में चोरी करना घृणित कार्य है, इसमें दोषियों की जांच के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही दान पात्र के आसपास की व्यवस्था को डिजिटल किया जाए। अभी पैसे देखकर लोग भ्रमित हो रहे हैं। वहां की सभी व्यवस्था को डिजिटल किया जाए तो आस्था को धूमिल होने से बचा सकेंगे।





### इनकी मौजूदगी में मना अपार्टमेंट में उत्सव

आयोजन में हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज के बिजनेस हेड संजय बनवासी, मार्केटिंग हेड प्रशांत तिवारी, मार्केटिंग मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव, एमपी-सीजी प्रसार हेड अनंतराम साहू, आशीष दास महंत, प्रसार सिटी हेड, रीजनल एज्यूक्युटिव सुमीत कुमार महोबिया ने प्रोग्राम की अगवाई की। साथ ही महावीर नगर स्थित जगन्नाथ एनक्लेव के संरक्षक मो. काशिफ ईमरोज, अध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष महेंद्र नामदेव, अमित शर्मा, शैलेष चिंचोलकर, लक्ष्मण दास रूपरेला और संतोष पाण्डेय का वरिष्ठजन के रूप में सम्मान किया गया।

### प्रतिभाओं के साथ विजेताओं का सम्मान

इस उत्सव की कड़ी में पांचवी में मेधावी छात्रा आराध्या नावडे, आठवीं पास करने वाली वैष्णवी नावडे स्वाध्यायी रहीं। 10वीं के छात्र मो. ऐमान और 12वीं की मेधावी छात्रा ईशिका श्रीवास्तव सहित लाइनमैन मूलचंद साहू का भी शॉल, श्रीफल और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इनके बीच म्यूजिकल चेयर रेस की विजेता रहीं मंजू लालवानी का सम्मान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की श्यामोली दत्ता, अनु श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग भी दिया।



वरिष्ठ नागरिक सम्मान से नवाजे गए लक्ष्मणदास रूपरेला



समाचार पत्र वितरक मूलचंद साहू को मिला विशेष सम्मान



कक्षा 12वीं की छात्रा ईशिका श्रीवास्तव का बढ़ाया मान



सम्मान प्राप्त करते हुए कक्षा 10वीं के छात्र मो. ऐमान



कक्षा 8वीं की छात्रा वैष्णवी नावडे को किया प्रोत्साहित



कक्षा 5वीं की मेधावी छात्रा आराध्या नावडे को मिला सम्मान

# मन की दूरी खत्म करने हाईटेक प्ले स्कूल किया शुरू, 25 बच्चों ने लिया आधुनिक आंगनबाड़ी में प्रवेश

**रायपुर।** सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे जब स्कूल जाते हैं तो उन्हें पढ़ाते समय जिस ए फार एप्पल की तस्वीर दिखाई जाती है, वह ब्लैक एंड वाइट होती है, जबकि प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाला बच्चा ए फार एप्पल को उसके वास्तविक रंग से भी पहचानना सीखता है। बच्चों के मन में बनने वाली इस दूरी को खत्म करने के लिए टाटीबंध में हाईटेक प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया है। यह पूरी तरह से समाजसेवा है, इसलिए इसके संचालन का दायित्व महाराष्ट्र मंडल को सौंपा गया। यह विचार पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने टाटीबंध में हाईटेक आंगनबाड़ी का शुभारंभ व प्रवेशोत्सव के दौरान शनिवार को कहीं। कोई बच्चा अगर गरीब के घर या झुग्गी-झोपड़ी में पैदा हुआ है तो इसमें उसका कोई दोष नहीं है।

### महाराष्ट्र मंडल करेगा आंगनबाड़ी का संचालन, इनमें ज्यादातर बीपीएल परिवारों के बच्चों को प्राथमिकता



### प्ले स्कूल में प्रवेश के बने साक्षी लोग

*अजय काले ने कहा कि हाईटेक आंगनबाड़ी संचालन के लिए उन्होंने जो विश्वास महाराष्ट्र मंडल पर जताया है, हम उस पर खरा उतरकर दिखाएंगे। महाराष्ट्र मंडल ने लगभग 45 से 50 साल पहले जो प्रकल्प शुरू किए थे, वे आज भी समर्पण भाव से सक्रिय हैं। हम विधायक श्री मूणत को भरोसा दिलाते हैं कि उनकी ओर से सौंपे गए हाईटेक आंगनवाड़ी केंद्र को गरीब परिवार की जरूरतों के हिसाब से ही संचालित करेंगे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद गायत्री चंद्राकर ने भी हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष गीता दलाल ने किया।*

### बच्चों को प्रवेश में भी देंगे प्राथमिकता



श्री मूणत ने कहा, यह हमारी जिम्मेदारी है कि उन्हें भी उस स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जो एक बड़े या संपन्न घर में पैदा होने वाले बच्चों को मिलती हैं, ताकि बड़े होने के साथ उसके मन में गरीब-अमीर जैसी भावना पैदा ही न हो। हाईटेक आंगनबाडी में गरीब परिवार के बच्चों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। यहां आकर पढ़ने और खेलकूद करने वाले 50 फीसदी से अधिक बच्चे बीपीएल परिवार के होंगे। श्री मूणत ने उपस्थित लोगों से कहा कि अगर आप में से कोई निस्वार्थ सेवा देना चाहता है तो महाराष्ट्र मंडल से संपर्क करें। उनका साक्षात्कार लिया जाएगा, इसके बाद वह अपनी निशुल्क सेवा दे सकता है।

# आज से अघोर महोत्सव, यज्ञ अनुष्ठान का होगा शुभारंभ

**रायपुर।** अघोर पीठाधीश बाबा श्री रुद्रानंद प्रचंड वेग नाथ के पावन सान्निध्य में असम प्रदेश स्थित पवित्र कामाख्या शक्तिपीठ में धरती माता के रजस्वला काल के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रायपुर स्थित अघोर पीठ श्रीधाम सुमेरु मठ, औघड़नाथ दरबार में भव्य अघोर महोत्सव एवं श्री यज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ किया जाएगा। यह आयोजन 21 जून को सुबह 4 बजे शुरू होगा और 25 जून को रात्रि 2 बजे तक निरंतर चलेगा। प्रोफेसर कॉलोनी, पुरानी बस्ती स्थित मनसा तालाब के समीप बने इस प्रसिद्ध मठ में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह महोत्सव इस बार भी धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, इस अनुष्ठान में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए व्यवस्थागत तैयारी की गई है।

### जरूरतमंदों को भोजन वितरण की परंपरा

सुमेरु मठ में बाबा श्री औघड़नाथ की गद्दी लगी हुई है। यहां की एक विशेष परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना, आरती, भोग और अग्निहोत्र का संचालन एक महिला द्वारा किया जाता है, जो बाबा औघड़नाथ जी की शिष्या हैं और जिन्हें श्रद्धालु “मां” कहकर संबोधित करते हैं। मठ में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें न केवल मनुष्यों, बल्कि पशुओं के लिए भी भोजन की व्यवस्था की जाती है। इसके अलावा जरूरतमंदों को भोजन वितरण की परंपरा भी लगातार निभाई जाती है।







# जनहित में वॉटर कूलर का किया गया लोकार्पण



**रायपुर।** माहेश्वरी महिला समिति द्वारा जनहित में वॉटर कूलर का लोकार्पण अधिक मास एवं महेश नवमी के अवसर पर किया गया। इस बार भी महिला समिति द्वारा जनसेवा एवं लोककल्याण की भावना से वॉटर कूलर भेंट कर एक सराहनीय सेवा की। इस प्रकल्प का शुभारंभ अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति राठी के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि सेवा का यह संकल्प सामूहिक सहयोग, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का सुंदर उदाहरण है। स्थापित वॉटर कूलर के माध्यम से आमजन को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे विशेष रूप से ग्रीष्म ऋतु में लोगों को लाभ मिलेगा।

### सहभागिता निभाते हुए लिया सेवा का संकल्प

समिति ने इस प्रकल्प की सफलता में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, सहयोगियों एवं समाज बंधुओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि तन, मन एवं धन से प्राप्त सहयोग ही ऐसे जन कल्याणकारी काम को सफल बनाते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति राठी, राष्ट्रीय प्रचार प्रसार प्रमुख प्रतिभा नत्थानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी नीना राठी सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने सेवा, समर्पण एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# नेल पॉलिश खरीदते वक्त गलतियां हो जाती है अक्सर



जिस तरह से मेकअप महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगाता है, ठीक उसी तरह से नेल पॉलिश की वजह से हाथों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। बाजार में मिलने वाली नेल पॉलिश या नेल पैंट महिलाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा है। ये बड़ी ही आसानी से आपको कम दाम में भी मिल जाती है।

पर, क्या कभी आपने देखा है कि एक ही शेड हर किसी पर अच्छा नहीं लगता है। ऐसा गलत नेल पॉलिश के चयन की वजह से होता है। जी हां, नेल पॉलिश खरीदते समय जब स्किन टोन का ध्यान न दिया जाए तो ये आपके हाथों की खूबसूरती बढ़ाने की जगह घटा देती है। यही वो गलती है जिसे ज्यादातर महिलाएं करती हैं। दरअसल, महिलाएं नेल पॉलिश खरीदते समय ये ध्यान नहीं देतीं कि उनके स्किन टोन पर क्या जचेगा। तो अगर आप भी नेल पॉलिश खरीदते वक्त सिर्फ ट्रेंड या कलर देखकर चुनाव करती हैं, तो एक बार अपनी स्किन टोन के अनुसार शेड चुनना जरूर आजमाएं। इससे आपका लुक एकदम से बदल जाएग।

## फेयर टोन

यदि आपकी स्किन टोन फेयर है, यानी कि रंग गोरा है तो बहुत डार्क ब्राउन या मड शेड्स से दूरी बनाकर रखें। इससे आपके हाथ अजीब से दिखेंगे। इनकी बजाय आप पिंक, पीच, बेबी ब्लू, लाइट रेड, लैवेंडर रंगों का चयन कर सकती हैं। ये फेयर टोन पर देखने में अच्छे लगते हैं।

## मीडियम टोन

यदि आपकी स्किन टोन मीडियम है यानी कि रंग गेहुआ है तो बहुत लाइट पिंक और पीले जैसे रंगों से दूरी बनाएं। इसकी जगह अगर आप कोरल, रोज़ गोल्ड, मरून, ब्राउन-न्यूड्स, मल्टीकलर शिमर नेल पॉलिश इस्तेमाल करेंगी तो आपके हाथ देखने में खूब अच्छे लगेंगे।

# लाइफ स्टाइल



भविष्य की आहट

पिछले साल 2025 में रनवे डेब्यू, रेड कार्पेट स्टंट और ऐसी ही कई चीज़ों से जो बड़े बदलाव आए, उन्होंने अपनी तमाम पेचीदगियों के साथ एक नया माहौल बनाया। अब जब साल 2026 भी आधा बीत चुका है, ऐसे में मशहूर डिजाइनर मैथ्यू ब्लेज़ी अपना कलेक्शन पेश किया है। इसके लिए उन्होंने बहुत से चर्चित मॉडल को रैम्प पर उतारा है। मैथ्यू के इस कलेक्शन में भविष्य की आहट देखी जा रही है।

# स्किन से जुड़ी हर दिक्कत का हल है ये नियासिनमाइड, जानें इसके बारे में

आजकल आपने अक्सर टीवी पर सुना होगा कि जिन स्किन केयर प्रोडक्ट में नियासिनमाइड होता है, वो त्वचा की कई परेशानियों को दूर करते हैं। इसलिए आपको इसके बारे में जानना जरूरी है। दरअसल, नियासिनमाइड को निकोटिनामाइड भी कहा जाता है। ये पानी में घुलनशील विटामिन है जो त्वचा की हेल्थ को बेहतर बनाता है। इसका इस्तेमाल चेहरे के लिए सीरम, मॉइश्चराइज़र और क्रीम में किया जाता है। अब जानते हैं कि इसके फायदे और नुकसान क्या हैं। अब जानिए इसके फायदे भी। यदि आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं तो ऐसे प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें, जिसमें नियासिनमाइड हैं। क्योंकि नियासिनमाइड के नियमित उपयोग से चेहरे पर आए डार्क स्पोट्र्स, पिग्मेंटेशन को कम करता है। इससे चेहरे की डीप क्लीनिंग होती है, जिक कारण स्किन टोन में निखार आता है। यदि आपका चेहरा काफी ऑयली है तो भी नियासिनमाइड वाले स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें।

# हर लड़की को चाहिए कुछ खास फैशन हैक्स, बन जाएंगी स्टाइलिश




ऐसी कोई महिला नहीं होगी, जो चाहती हो कि तैयार होने के बाद उनका लुक खराब दिखे। अपने लुक को सबसे बेस्ट बनाने के लिए महिलाएं बॉलीवुड से लेकर हर टॉप अभिनेत्री के लुक्स देखती हैं। पर, कई बार एक छोटी सी गलती उनकी मेहनत पर पानी डाल देती है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे हैक्स के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में हर महिला को पता होना चाहिए। ये हैक्स लुक को सुधारने से लेकर स्टाइलिश बनाने तक में आपकी मदद करेंगे। इसके लिए आपको कुछ ज्यादा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आइए आपको भी इन सिंपल हैक्स के बारे में बताते हैं, ताकि आप दिखें सबसे अलग और स्मार्ट

## टी शर्ट को बनाएं क्रॉप टॉप

यदि आप किसी टीशर्ट को पहन-पहन कर बोर हो गई हैं तो बिना सोचे उससे क्रॉप टॉप तैयार कर लें। इसके लिए आपको टी शर्ट को काटने की जरूरत नहीं है। बल्कि इसके लिए सिर्फ अपनी लंबी टी-शर्ट को सामने से थोड़ा अंदर मोड़ें और पीछे से नॉट बांधें। आप इसका उल्टा भी कर सकते हैं, यानी कि पीछे से टीशर्ट को इन करके आगे से गांठ बांध लें।

## जींस टाइट हो गई है तो क्या करें

यदि आपकी जींस टाइट हो गई है और उसका बटन बंद नहीं हो रहा है तो एक रबड़ बैंड को बटन पर लपेटें और फिर उसे बटन से बटनहोल में घुमाकर वापस बटन पर लपेट दें। इसके बाद आपको बटन बंद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एथनिक से लेकर वेस्टर्न ड्रेस तक में अब बैकलेस और डीपनेक आउटफिट आने लगे हैं। ऐसे में इसके साथ सही इनरवियर पहनना जरूरी है। यदि आप गलत इनरवियर पहनेंगी तो ये बाहर से दिखेंगे, जिससे आप खुद असहज हो सकते हैं।










## सिटी स्पोर्ट्स

### हाई परफारमेंस कैंप के लिए छत्तीसगढ़ से चुनीं गईं साक्षी



**रायपुर।** ऑल इंडिया वुमेंस चयन समिति ने सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के अंडर-23 (महिला) एमेर्जिंग हाई परफारमेंस कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) से साक्षी शुक्ला का चयन किया है। यह कैंप दिनांक 13 जुलाई से 06 अगस्त तक बैंगलुरु में आयोजित किया जायेगा। उक्त खिलाडी बीसीसीआई के विषेशज्ञों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेगें, जिसमें तकनीकी तथा शारीरिक प्रशिक्षण भी शामिल है।

### टर्मिनेटर टीम ने रूंगटा यू-16 टी-20 चैंपियनशिप ट्रॉफी पर फिर जमाया कब्जा



**कुम्हारी।** रूंगटा टर्मिनेटर इंटरनैशनल क्रिकेट एकेडमी के द्वारा आयोजित स्वर्गीय हुसैन कुरैशी की स्मृति में आयोजित रूंगटा अंडर-16 टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साहिल क्रिकेट एकेडमी रायपुर को 6 विकेट से पराजित कर ख़िताब अपने नाम किया।

फाइनल मैच में साहिल क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवरों में टीम ने 107 रन बनाए।साहिल क्रिकेट एकेडमी की ओर से अनमोल सिंह ने 32 रन एवं अभिनव ने 30 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए अर्शवीर सिंह भाटिया ने 5 विकेट हासिल किए। 108 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी ने मात्र 16.4 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 42 रन की शानदार आलराउंडर पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। साहिल क्रिकेट एकेडमी रायपुर की ओर से दिव्यांश राजपाल एवं अवि आरोन बारीक ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी ने 6 विकेट से मुकाबला जीतकर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। फाइनल मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए टर्मिनेटर एकेडमी के खिलाडी अर्शवीर सिंह भाटिया को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता में साहिल एकेडमी के खिलाडी आर्यन अग्रवाल को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट तथा बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार भी मिला। टर्मिनेटर एकेडमी के खिलाडी पी. आर्यन को बेस्ट बॉलर,बेस्ट विकेट कीपर शुभम कुमार जनक क्रिकेट एकेडमी रायपुर और मास क्रिकेट एकेडमी रायपुर के फरहान को बेस्ट फील्डर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में ब्रह्मविद क्रिकेट एकेडमी रायपुर ने जनक क्रिकेट एकेडमी रायपुर को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के आयोजक टर्मिनेटर इंटरनैशनल क्रिकेट एकेडमी के संचालक एन.आई.एस क्रिकेट कोच डॉ.शबाब कुरैशी थे।

### राज्य बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दो रजत और तीन कांस्य



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 17 वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर बालक/बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 10 से 12 जून तक जवाहर नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, हाउसिंग बोर्ड भिलाई में हुआ।

प्रतियोगिता में मुंगेली जिला एम्योचोर बॉक्सिंग संघ के सब जूनियर बालक वर्ग के 46 से 52 किलोग्राम भार वर्ग में जलेश्वर महिलांगे ने रजत पदक, 49 से 52 किलोग्राम भार वर्ग में युवराज ने रजत पदक , 30 से 33 किलोग्राम भार वर्ग में आशिष सिंह ने कांस्य पदक , 35 से 37 किलोग्राम वर्ग में मयंक लहरे ने कांस्य पदक, 40 से 43 किलोग्राम भार वर्ग में संतदास ने कांस्य पदक जीते।

सभी खिलाड़ी विकास खण्ड खेल केंद्र लोरमी में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। जिला टीम के प्रशिक्षक मुकेश सिंह राठौर व मैनेजर सुधीर राजपूत थे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल, सहायक क्रीड़ा अधिकारी विजय वर्मा, जनपद अध्यक्ष वर्षा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले ने हर्ष जताया है।

---

थॉयराइड की समस्या बढ़ रही, समय पर उपचार जरूरी

# बच्चे भी आ सकते हैं थायरॉइड की चपेट में मिलते-जुलते लक्षण दिखें तो हो जाएं सचेत

थायरॉइड की समस्या हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी है, ये शरीर को कई प्रकार से प्रभावित करने वाली हो सकती है। ये एक ऐसी बीमारी है, जिसे अक्सर हम बड़ों की समस्या मान लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये बीमारी बच्चों को भी हो सकती है?

मेडिकल रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि बड़ी संख्या में बच्चों में भी थायरॉइड की समस्या देखी जा रही है। स्कूल जाने की उम्र वाले बच्चों में ये सबसे आम है। एक अनुमान के मुताबिक 1,000 में से लगभग 37 बच्चों को थायरॉइड की बीमारी हो सकती है। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो ये बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। आइए जानते हैं कि बच्चों में थायरॉइड क्यों होता है और इसके क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

### थायरॉइड और इसके जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, थायरॉइड एक तितली के आकार की ग्रंथि है जो गले के आगे की ओर स्थित होती है। यह ग्रंथि कई महत्वपूर्ण हार्मोन्स बनाती है जो शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने के लिए जरूरी हैं। जब ये हार्मोन कम या ज्यादा बनने लगते हैं, तो थायरॉइड की समस्या



उत्पन्न होती है। जब बात बच्चों में भी थायरॉइड की समस्या को हो तो इसके अधिकतर मामले जन्मजात देखे जाते हैं, ये बाद में भी विकसित हो सकती है।

### बच्चों में थायरॉइड की पहचान कैसे करें?

थायरॉइड के लक्षण बच्चों में उम्र के अनुसार अलग-अलग हो सकते



हैं। सभी माता-पिता को इसपर ध्यान देते रहना जरूरी है। बच्चों में हाइपोथायरायडिज्म (हार्मोन्स का उत्पादन कम होने) के कारण आमतौर पर कब्ज, त्वचा में सूखापन, थकान, अधिक ठंड लगने, बालों के झड़ने, अनियमित मासिक धर्म (लड़कियों में), याददाश्त या ध्यान केंद्रित करने में परेशानी जैसी समस्या अधिक देखी जाती रही है। यदि इस तरह की दिक्कतें आपके बच्चों को भी हो रही हैं तो समय रहते डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच करा लें।

### बच्चों को इस रोग से कैसे बचाएं

कुछ बातों का ध्यान रखकर आप बच्चों को थायरॉइड की समस्या से बचा सकते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर नवजात स्क्रीनिंग टेस्ट कराएं। जन्म के तुरंत बाद टीएसएच और टी4 की जांच कराना ये पता करने में मदद करता है कि कहीं बच्चे को जन्मजात ये समस्या तो नहीं है। आयोडीन युक्त नमक का सेवन कराएं, आयोडीन



थायरॉइड के ठीक तरीके से काम करते रहने के लिए जरूरी है। बच्चे के विकास और व्यवहार पर नजर रखें , कोई असामान्यता दिखे तो डॉक्टर से जांच कराएं। परिवार में पहले से किसी की थायरॉइड की समस्या रही हो विशेष सावधानी बरतें। बच्चों को संतुलित और पोषक आहार (विटामिन ए-डी, आयरन) से भरपूर आहार दें।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, थायरॉइड की समस्या बच्चों में भी गंभीर रूप ले सकती है, लेकिन समय रहते पहचान और इलाज से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। नवजात की जांच से लेकर सही आहार और जीवनशैली तक, हर कदम पर सतर्कता जरूरी है। यदि आपका बच्चा सुस्त रहता है, ठीक से विकास नहीं कर रहा या पढ़ाई में पिछड़ रहा है, तो इसे 'आलस' या 'धीमा स्वभाव' समझने की बजाय एक बार डॉक्टर से मिलकर थायरॉइड टेस्ट जरूर करवाएं।



## पत्थर जैसे मजबूत होते हैं दांत, फिर क्यों इनमें होने लगती है सड़न?

दांतों की सड़न का सबसे बड़ा कारण अत्यधिक चीनी का सेवन माना जाता है। अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन के अनुसार बार-बार मीठा खाने वाले लोगों में कैविटी का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसके अलावा भी कई कारण हैं जिनपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

क्या आप भी मीठी चीजें ज्यादा खाते हैं? इससे सिर्फ ब्लड शुगर, कैलोरी, मोटापा और मेटाबॉलिज्म की समस्या नहीं होती, ये आपके दांतों के लिए भी बहुत नुकसानदायक हो सकती है। ज्यादा मीठी चीजें, जैसे मिठाई, टॉफी, कुकीज और चॉकलेट दांतों में चिपककर सड़न पैदा करने लगती हैं। अक्सर लोग सोचते हैं कि दांत पत्थर की तरह मजबूत होते हैं, फिर इनमें सड़न कैसे होने लग जाती है?

दांतों का सड़ना दुनियाभर में सबसे आम समस्या है, जिससे लगभग 2.5 अरब लोग प्रभावित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि करीब 3.5 अरब लोग मुंह की बीमारियों से पीड़ित हैं, जिनमें दांतों का सड़ना सबसे बड़ी समस्या है। आइए जान लेते हैं कि आखिर दांतों में



सड़न क्यों होती है और इसे कैसे रोका जा सकता है?

### दांतों में सड़न की समस्या

दंत रोग विशेषज्ञ कहते हैं, भले ही दांत देखने में पत्थर जैसे लगते हैं, पर असल में ये किसी पत्थर के नहीं बने होते। ये इनेमल, डेंटिन, पल्प और सीमेंटम से मिलकर बनते हैं।

दांतों के ऊपर एक मजबूत परत होती है जिसे इनेमल कहा जाता है। यह काफी कठोर होती है, लेकिन इसके बावजूद कुछ आदतें और खान-पान इसे नुकसान पहुंचा सकते हैं। जब हम बार-बार मीठी चीजें खाते हैं, कोल्ड ड्रिंक पीते हैं या दांतों की सफाई में लापरवाही करते हैं, तब मुंह में मौजूद बैक्टीरिया इन खाद्य पदार्थों से एसिड बनाते हैं। यही एसिड धीरे-धीरे दांतों की सुरक्षात्मक परत को घिसने लगता है और सड़न हो सकती है। सिर्फ खान-पान ही नहीं कुछ अन्य आदतें भी दांतों में सड़न बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

### ज्यादा मीठी चीजें तो नहीं खाते आप?

अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन के अनुसार बार-बार मीठा खाने वाले लोगों में कैविटी का खतरा काफी बढ़ जाता है। दांतों की सड़न का सबसे बड़ा कारण चीनी वाली चीजें ज्यादा खाना है।

जब हम चॉकलेट, टॉफी, बिस्कुट, मिठाई, कोल्ड ड्रिंक जैसी चीजें खाते हैं, तो इसके कुछ सूक्ष्म हिस्से दांतों में चिपक जाते हैं। मुंह में मौजूद बैक्टीरिया इन शर्कराओं को तोड़कर एसिड बनाते हैं। यह एसिड दांतों के इनैमल पर हमला करता है और धीरे-धीरे उसे कमजोर करने लगता है। बच्चों और किशोरों में कैविटी का सबसे बड़ा कारण यही है।

### मुंह की साफ-सफाई न करने से बढ़ जाती है दिक्कत

दांतों में सड़न का एक बड़ा कारण मुंह की अच्छे से साफ-सफाई न करना भी है। डॉक्टर सभी लोगों को दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह देते हैं।



## शीतल, इशिता और हीना ने बाजी मारी




**भिलाई।** अस्मिता साइक्लिंग लीग जिला स्तर का आयोजन शनिवार को भिलाई में किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट एवं बीएसपी साइक्लिंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन हुआ।

- खेलो इंडिया अस्मिता साइक्लिंग लीग भिलाई में सैकड़ों महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया

उल्लेखनीय है कि अस्मिता साइक्लिंग लीग महिला वर्ग के लिए समस्त खेलों में भारतीय खेल प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित किया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं खेल के क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में 328 महिला-बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 3 वर्गों में आयोजित की गई। सब जूनियर बालिका (16 वर्ष से कम) में प्रथम शीतल, द्वितीय वंदना एवं तृतीय साक्षी सलामे रहीं। जूनियर बालिका (17 एवं 18 वर्ष आयु वर्ग) में प्रथम इशिता सिन्हा, द्वितीय मेघा साहू व तृतीय पुष्पांजलि रही वही सीनियर महिला (18 वर्ष से ऊपर) में प्रथम हीना द्वितीय प्रभा एवं तृतीय स्थान पर बबीता मलिक रहीं। विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि विजय बघेल, सांसद दुर्ग लोकसभा एवं मुख्य संरक्षक साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि नीरज पाल महापौर भिलाई नगर निगम, विनोद खांडेकर पूर्व विधायक एवं संरक्षक साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, नरेंद्र कुमार बंछोर अध्यक्ष बीएसपी साइक्लिंग क्लब, परविंदर सिंह अध्यक्ष बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, डॉ रमेश श्रीवास्तव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ रहे। इस अवसर पर तोषेंद्र वर्मा (कोषाध्यक्ष, भारतीय साइकिल पोलो महासंघ), ई वी सुनील उपाध्यक्ष साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग, देवप्रकाश वर्मा (सचिव, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट), शशांक देशमुख सचिव साइकिल पोलो एसोसिएशन ऑफ दुर्ग, बीना मिश्रा कोषाध्यक्ष साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, साइक्लिंग एसोसिएशन से अभिषेक मिश्रा, शशिकांत पांडे, मोहित कुमार, जावेद कुरैशी, नीरज मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा पीटीआई भेषिका वर्मा, विद्या नायर, डॉ मेजर सिंह (विभागाध्यक्ष, मनसा कॉलेज), हरभजन सिंह, रोहित पटेल, स्वास्थ्य विभाग दल, पुलिस यातायात विभाग एवं नगर निगम भिलाई का विशेष योगदान रहा। साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार एवं साइक्लिंग एसोसिएशन के ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव देवप्रकाश वर्मा ने यह जानकारी दी।

## कोल्ड ड्रिंक को कहें अलविदा, घर पर बनाएं जामुन शॉट्स



जामुन शॉट्स एक ठंडा शरबत या हेल्दी ड्रिंक होता है, जिसे शॉट ग्लास में सर्व किया जाता है। इसमें जामुन का खट्टा-मीठा स्वाद और मसालों का तड़का इसे खास बनाता है। इसमें पाए जाने वाले तत्व शरीर को आंतरिक ठंडक पहुंचाकर आपको तरोताजा करेंगे। दरअसल, इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स, और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। तो बस बिना सोचे अपने घरवालों और मेहमानों के लिए इसे तैयार करें।

### जामुन शॉट्स बनाने का सामान

पके हुए जामुन–1 कप, भुना हुआ जीरा–टीस्पून,काला नमक–स्वादानुसा, नींबू का रस–1 टी स्पून,पुदीने की पत्तियां, कुछ बर्फ के टुकड़े,सोडा– कप

### जामुन शॉट्स बनाने की विधि

जामुन शॉर्ट बनाने के लिए सबसे तो जामुन लाकर उसे अच्छी तरह से धो लें। ध्यान रखें कि ये बिल्कुल गंदे नहीं होने चाहिए। अब जामुन को धोककर उसका गूदा निकाल लें। ये सबसे कठिन काम होने वाला है।

आपको जामुन में से गूदा और गुठली को अलग कर देना है और फिर गूदे को एक कटोरी में निकाल लेना है। गूदा निकालने के बाद जामुन के गूदे में काला नमक, भुना जीरा और नींबू रस मिलाएं। इसके बाद इसे मिक्सी में थोड़ा पानी डालकर ब्लेंड कर लें।इसके बाद अब एक शॉर्ट ग्लास के किनारों पर हल्का सा नमक चिपका लें, इससे सजावट अच्छी लगती है। अब इस गिलास में बर्फ डालें, ऊपर से जामुन शॉट्स का मिश्रण डालें।

---

कार्नर न्यूज

बढ़ती उम्र में लड़कियों के मन आने वाले सवाल का जवाब होता है सिर्फ मां के पास

# हर मां को अपनी टीनएज बेटी से करनी चाहिए कुछ जरूरी बातें, ताकि उनका जीवन बने आसान

हर मां के लिए उनकी बेटी उनका गुरूर होती है। बिटिया को जन्म देने से लेकर उनकी हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान मां ही रखती हैं। जैसे-जैसे बच्चियां बड़ी होती हैं, उन्हें शारीरिक और मानसिक बदलावों से जूझना पड़ता है। ऐसे टीनएज बेटियों से दोस्त की तरह बातचीत करना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर मां यह पहल करती है, तो बेटी ना सिर्फ जीवन में आत्मनिर्भर बनती है, बल्कि भविष्य में बेहतर फैसले भी ले पाती है। इसीलिए कहा जाता है कि एक मां और उसकी टीनेज बेटी के बीच संवाद बहुत जरूरी होता है, क्योंकि टीनएज की ये उम्र सबसे संवेदनशील होती है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताएंगे, जो आपको अपनी बेटी से अवश्य करनी चाहिए।

### आत्मसम्मान की अहमियत

अक्सर घरों में लड़कियों को सिखाया जाता है कि कोई कुछ भी कहे, पर तुम्हें कभी जवाब नहीं देना है। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। अपनी बिटिया को सिखाएं आत्मसम्मान की अहमियत क्या है। आत्मसम्मान बेहद जरूरी है। अपनी बेटी को सिखाएं कि यदि कोई आपकी इज्जत नही करता है,



तो ऐसे व्यक्ति को तुरंत जवाब देकर उन्हें उनका दायरा बताएं।

### पीरियड्स के बारे में करें खुलकर बात

टीनएज बच्चों के शरीर में काफी बदलाव होते हैं। खासतौर पर अगर आपके घर में बेटी है तो उससे पर्सनल हाइजीन, पीरियड्स बॉडी चेंजेस और सेक्स एजुकेशन से जुड़ी जरूरी जानकारी दें ताकि वह किसी भ्रम या डर का शिकार न हो। उन्हें बताएं कि पीरियड्स कोई बीमारी नहीं है, बल्कि ये एक शारीरिक प्रक्रिया है, जो बेहद जरूरी है।

### गुड टच बैड टच समझाएं

ये बात आपकी बच्ची को बहुत छोटे से बता देनी चाहिए। वैसे तो गुड टच और बैड टच की शिक्षा स्कूल में ही मिल जाती है, लेकिन फिर भी अपनी बेटी को सही और गलत तरीके से छूने की पहचान बताएं। उन्हें ये भी बताएं कि यदि कोई उनके साथ ऐसा करता है, तो इस बात की शिकायत तुरंत अपने माता-पिता से करें।



### सीमाओं के बारे में समझाएं

यदि आपके घर में बेटी है तो उन्हें उनकी सीमाओं के बारे में भी बताएं। उन्हें बताएं कि दोस्ती, आकर्षण और प्यार में काफी फर्क होता है। इन तीनों चीजों में एक दायरा होता है, जिसके बारे में सही समझ होना जरूरी होते हैं।

### 'न का मलतब न' ये अवश्य सिखाएं

जो आपकी बिटिया को पता होनी चाहिए। इसके लिए आपकी बेटी में 'ना' कहने का हक़ और हिम्मत दोनों होनी चाहिए। उन्हें बताएं कि यदि कोई चीज पसंद नहीं आ रही है, तो सामने वाले को क्लीयर न कहें। यदि आपकी न को कोई सीरियसली नहीं ले रहा है तो उन्हें बताएं कि वो घरवालों से बात कर सकती हैं।